हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 19 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 37.2 डिग्री
न्यूनतम 19.2 डिग्री

10 विधायक गजेंद्र ने कानून-व्यवस्था को लेकर सदन में उठाई आवाज


11 थनौद में मिनी माता जयंती मनाई




### डीएमएफ के कामों पर रार : चहेतों को काम दिलाने 8 करोड़ के कामों की बिना एमआईसी के मंजूरी

# स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का प्रस्ताव फिर से आएगा, मेयर ने कहा-लापरवाह पर कार्रवाई के लिए लिखेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

*शहर सरकार को बिना जानकारी दिए खनिज न्यास मद से स्वीकृत हुए कामों का टेंडर जारी किए जाने का मामला तूल पकड़ने लगा है। इस मामले में महापौर नीरज पाल ने स्पष्ट किया है कि 3 करोड़ से अधिक के काम की स्वीकृति का अधिकार एमआईसी के पास है। इसके बाद भी 4.92 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले स्वीमिंग पूल निर्माण के लिए बिना महापौर और एमआईसी को जानकारी दिए टेंडर जारी कर दिया गया। तर्क यह दिया गया कि एमआईसी से स्वीकृति की प्रत्याशा में ऐसा किया गया।*

इस निर्णय को लेकर आयुक्त राजीव पांडेय के समक्ष आपत्ति की गई। साथ ही नियमों के अनुरूप प्रस्ताव तैयार कर पुनः एमआईसी में लाए जाने के लिए आदेशित किया गया। अब पुनः प्रस्ताव महापौर परिषद की बैठक में रखा जाएगा, जिस पर महापौर परिषद निर्णय लेगी। इतना ही नहीं नियमों को ताक पर रखे जाने के इस मामले को लेकर महापौर नीरज पाल ने कहा कि बैठक में सारी वस्तु स्थिति स्पष्ट होने के बाद वे दोषी अधिकारी-कर्मचारी पर कार्रवाई के लिए लिखेंगे। कार्रवाई का अधिकार सिर्फ आयुक्त को है। इधर इस पूरे मामले को लेकर विपक्ष ने भी मोर्चा खोल दिया है। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने महापौर की कार्यप्रणाली पर ही सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इस गंभीर अनियमितता के मामले में महापौर की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। बता दें कि करोड़ों की इस टेंडर प्रक्रिया में चहेतों को काम दिलाने के नाम पर अधिकारियों पर मिलीभगत के आरोप भी लग रहे हैं। भोजराज सिन्हा ने मामले में जांच की मांग की है।

## सामान्य सभा से मंजूरी के बिना टेंडर निकालने का मामला

### आज पुनः बुलाई गई महापौर परिषद की बैठक, होगी चर्चा

बता दें कि 17 मार्च को महापौर परिषद की बैठक बुलाई गई। बैठक में चर्चा के बाद खनिज न्यास मद से होने वाले कामों की स्वीकृति नहीं हो सकी। संभव है कि इस प्रस्तावव को लेकर 19 मार्च को होने वाली बैठक में पुनः चर्चा की जाए। महापौर परिषद की बैठक बजट पर चर्चा के लिए बुलाई गई है। महापौर परिषद की बैठक 19 मार्च को महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में दोपहर 12 बजे शुरू होगी। इसमें आगामी बजट से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी। सभी महापौर परिषद के सदस्य गण एम निगम के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### उच्च अधिकारियों के निर्देश पर ही नियम-कायदे ताक पर रखे गए

जानकारी के मुताबिक इस पूरे मामले उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सारे नियम-कायदों को ताक पर रख दिया गया। एक बड़े अधिकारी का ट्रांसफर हो रहा था, उन्होंने आनन-फानन में बिना एमआईसी की स्वीकृति के टेंडर प्रक्रिया करने के निर्देश जारी कर दिए। इस पर भिलाई निगम के जिम्मेदारों ने महज एमआईसी की प्रत्याशा पर टेंडर जारी कर दिया। बता दें कि जीई रोड के समीप प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम में 8 करोड़ की लागत से स्पोट्स परिसर का निर्माण किया जाना है। इसमें हार्स राईडिंग, स्वीमिंग पूल, स्केटिंग ट्रेक, रनिंग ट्रेक, 400 लोगो के बैठने लायक ऑडिटोरियम, पार्किंग, दुकान, बाउण्ड्रीवाल इत्यादि का निर्माण होना है। इसमें 4.97 करोड़ से स्वीमिं पूल, 1.96 करोड़ से स्केटिंग ट्रैक, 1.09 करोड़ से हार्स राइडिंग ट्रैक बनाया जाना है।

### आयुक्त के समक्ष आपत्ति की गई



आयुक्त के समक्ष आपत्ति की गई है। लाए गए प्रस्ताव को लौटा दिया गया था। 3 करोड़ से अधिक के कामों की स्वीकृति का अधिकार महापौर परिषद को है। हमने नियमत: प्रस्ताव एमआईसी में लाने कहा है। चर्चा के बाद जो सही होगा, वह निर्णय लेंगे। रही बात लापरवाही की तो दोषी अधिकारी-कर्मचारी पर कार्रवाई के लिए लिखेंगे। कार्रवाई का अधिकार आयुक्त को है।

**-नीरज पाल,** महापौर नगर निगम भिलाई

### मेयर की खामोशी से उठ रहे सवाल



महापौर की खामोशी से इस पूरे मामले में सवाल उठ रहे हैं। नियमत: एमआईसी की स्वीकृति की प्रत्याशा पर टेंडर जारी करना गलत है। आयुक्त को एमआईसी को जानकारी देनी थी। यदि जानकारी देने के बाद 10 दिन बाद तक एमआईसी नहीं बुलाई जाती तो आयुक्त स्वत: निर्णय लेते। इस मामले में महापौर ने विरोध नहीं किया। नियमत: दोषी अफसरों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

**-भोजराज सिन्हा,**
नेता प्रतिपक्ष नगर निगम भिलाई

# मोती और मछली पालन के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

**भिलाई नगर पुलिस ने की कार्रवाई**



मोती और मछली पालन के नाम पर छूट दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाला युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि वारिसी कालोनी तहसील धरमजयगढ जिला रायगढ जो हाल ही में अधीजात अपार्टमेंट न्यु शांति नगर शंकर नगर रायपुर निवासी दिनेश सरकार को पुलिस ने पकड़ लिया है। आरोपी दिनेश ने तालपुरी पारिजात अपार्टमेन्ट निवासी अभिषेक बंछोर को नमो एग्रीकल्चर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ऑफिस के नाम पर झांसा देकर जुलाई 2023 में मछली व मोती पालन करने के लिए 10 लाख 45 हजार का लोन देने पर 50 प्रतिशत तक की छूट के नाम पर नगदी रकम ठगा था। शिकायात के बाद आरोपी दिनेश सरकार की खोजबीन में पुलिस जुटी रही।

आरोपी को सूचना पर रायपुर से घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी दिनेश सरकार को हिरासत मे लेकर पूछताछ करने पर ठगी करना स्वीकार किया।




## पावर हाउस ब्रिज के नीचे खड़े कंडम वाहन पर कार्रवाई

**ट्रैफिक पुलिस ने की चालानी कार्रवाई**

**भिलाई।** पावर हाउस ब्रिज के नीचे लंबे समय से रखे गए कंडम वाहनों पर ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई कर चालान किया है। जब्त वाहनों को छावनी थाना में रखवा दिया गया है। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि ब्रिज के नीचे खडे कण्डम वाहनों को हटाने के लिए आस पास के गैरेज संचालको को हिदायत दिया गया था। लेकिन उक्त गैरेज संचालक, मालिकों के द्वारा अपनी वाहन ब्रिज के नीचे खडा करना पाया गया। जिस पर ट्रैफिक पेट्रोलिंग के द्वारा ब्रिज के नीचे खडे 20 वाहनों को क्रेन से उठाकर छावनी थाना में खडा किया गया। सभी वाहनों के उपर नो पार्किग धारा के तहत ऑन लाईन चालान भी किया गया। पावर हाउस ब्रिज के आस पास गैरेज संचालन करने वाले को भी पुनः इस प्रकार वाहन खड़ा ना करने की हिदायत दी गई है।

## अपहरण कर अनाचार मामले में सहयोग करने वाली महिला गिरफ्तार

**मोहन नगर थाना क्षेत्र की है घटना**

**भिलाई।** नौ साल पूर्व नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ अनाचार करने के मामले में सहयोग करने वाली फरार महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला के खिलाफ धारा धारा 363, 366, 376, 34, पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर थाना प्रभारी शिव प्रसाद चंद्रा ने बताया कि घर से नाबालिग स्कूल जाने के लिए निकली थी। जिसे वार्ड 19 मिलन चौक तितुरडीह दुर्ग निवासी दीक्षा ठाकुर ने अपने परिचित के दो युवक मथुरा यूपी निवासी हनी वर्मा, अनिल राय को नाबालिग से मुलाकात कराया। उसके बाद दोनों युवकों ने नाबालिग को घूमकर आने का झांसा देकर रायपुर से नागपुर, मथुरा लेकर गए जहां एक मकान में उसके साथ अनाचार किया। तब से आरोपिया दीक्षा ठाकुर की तलाश में पुलिस जुटी रही। सूचना पर दीक्षा को पुलिस ने राजनांदगांव से गिरफ्तार किया। फरार युवकों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।






## खबर संक्षेप

### निकुम में चौसर प्रतियोगिता 22 को

**निकुम।** समस्त ग्रामवासी निकुम के तत्वावधान में एक दिवसीय चौसर प्रतियोगिता 22 मार्च को बस स्टैण्ड निकुम में शाम 5 बजे शुरु होगी। जिसमें प्रथम पुरुस्कार 8001 रुपये, द्वितीय 6001, तृतीय 4001 व चतुर्थ पुरुस्कार 2001 रुपये का रखा गया है। यह जानकारी समिति प्रमुख निखिल गुप्ता ने दी।

### खोपली संकुल के सभी स्कूल हुआ कंप्यूटरीकृत



**उतई।** संकुल समन्वयक और संकुल खोपली के समस्त शिक्षकों के द्वारा संकुल केंद्र खोपली के स्कूलों को स्मार्ट क्लास से जोड़ने व शासन के नई नीतियों के संचालन के लिए सभी प्राथमिक व माध्यमिक शाला को कंप्यूटरीकृत करने के उद्देश्य से शासकीय प्राथमिक शाला काशीडीह, प्राथमिक शाला घासीदास नगर घुघसीडीह को कंप्यूटर व प्रिंटर प्रदाय किया गया। साथ ही साथ बच्चों की शिक्षा को आकर्षक व मनोरंजक बनाने के लिए शिक्षाप्रद प्रिंट रिच वातावरण का निर्माण कराया गया। प्राचार्य वीणा दुबे के दिशा निर्देश अनुसार व संकुल समन्वयक इंद्रेश कुमार बंजारे साथ ही नवीन शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव गिरीश साहू की नई सोच के अनुसार संकुल के सभी स्कूलों के विभिन्न कार्यों के लिए कंप्यूटर के उपयोग बच्चे व शिक्षक कैसे करे इसके लिए संकुल के सभी स्कूलों को कंप्यूटर प्रदाय करने के लिए पहल की गई। इस अवसर पर प्रधान पाठक वीरेंद्र मरई, संध्या नायक, कुमार साहू, राजेश बंजारे, शिक्षक साथी के रूप में गोवर्धन प्रसाद चंद्रवंशी, अश्वनी यादव, कमोद ध्रुव, लोकेश साहू, विजयलक्ष्मी आदि उपस्थित थे।

## निधन

### जसराज पारख

**दुर्ग।** जसराज पारख उम्र 90 वर्ष का 17 मार्च को निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार 18 मार्च को हरना बांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. घेवरचंद पारख के पुत्र एवं रमेशचंद, शांति लाल, कांतिलाल, भागचंद पारख के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में जैन समाज एवं व्यापारिक वर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### सुन्दर चंद्राकर

**भिलाई।** बैगापारा दुर्ग निवासी व सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर जिला



सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग सुन्दर चंद्राकर का निधन 18 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 19 मार्च को सुबह 10 बजे हरना बांधा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे गोपाल, गोविंद, बलराम, पीतांबर चंद्राकर के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### सिर्फ चार स्मार्ट बोर्ड, ब्लैक बोर्ड में बच्चे गढ़ रहे भविष्य

# समस्याओं से घिरा है आत्मानंद स्कूल दो पाली में 700 बच्चों की हो रही पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निकुम

**निकुम के आत्मानंद स्कूल में नही पड़ते अधिकारियों के कदम**




पूर्व में कांग्रेस सरकार के दुर्ग ग्रामीण विधायक व गृहमंत्री रहे ताम्रध्वज साहू के प्रयास से निकुम को स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट अंग्रेजी मिडियम स्कूल व स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल की सौगात मिली। वहीं पूर्व में मंत्री ताम्रध्वज साहू व अन्य जनप्रतिनिधियों के हाथों से एक करोड़ पच्चीस लाख रुपये के नये स्कूल भवन का भूमिपूजन हुआ लेकिन भाजपा सरकार आते ही नये स्कूल भवन सिस्टम से मानो छूमंतर हो गया। आज तक नया स्कूल भवन नही बनने से स्कूली बच्चों को रोज पर्याप्त शिक्षा व्यवस्था में परेशानी हो रही है। सिर्फ रंगरोहन कर उधारी के भवन में दो पाली में स्कूल चल रही है। वहीं स्कूलों चतुर्थ वर्ग कर्मचारी नही होने से कई शिक्षकों व बच्चों को समस्या हो रही है, वहीं स्कूल में मानो समस्याओं का अंबार है, लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार में बीते साल भर से शिक्षामंत्री नहीं बनने से पूरे प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है। वहीं शिक्षा विभाग के बड़े-बड़े पदों पर बैठे अधिकारियों को अपने एसी कमरे से निकलने की तनिक भी फुर्सत नही है। वहीं कांग्रेस शासन के समय चापलूसी कर कुर्सी में बैठे अधिकारी भी धृतराष्ट नीति में कार्य कर दायित्वों से इतिश्री कर कार्य कर रहे हैं, वहीं सरकारी स्कूल की सुध लेने की फुर्सत भी नही हैं और दूसरी ओर प्राईवेट स्कूल तिल बढ़े राई घटे की कहावत चरितार्थ हो रही है।

पालक समिति अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल निकुम दिलीप कुमार साहू ने कहा कि इसके पूर्व में दुर्ग कलेक्टर को ज्ञापन दिया, लेकिन स्कूल में समस्या जस की तस बनी है।

#### ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहीं सुविधाएं, अधूरे बाउंड्रीवॉल के कारण हो रही परेशानी

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मिडियम स्कूल में तकरीबन 350 बच्चे दसवीं तक बच्चे अध्यनरत है, वहीं नये सत्र से दो नये कक्ष भवन कमी पड़ेगी और दो वर्ष बीत जाने के बाद भी आधे अधूरे टेबल कुर्सी पहुंची है। आधे बच्चे पुरानी कुर्सी पर ही बैठ रहे हैं। वहीं मिड डे मिल के लिए नया भवन बन रही है, सिर्फ चार स्मार्ट बोर्ड के भरोसे तकरीबन दो स्कूलों में 700 बच्चे दो पाली में पढ़ाई करते हैं, जबकि पुराने टूटे-फुटे बोर्ड इंग्लिश मिडियम के बच्चों को परेशानी होती है, वहीं वाटर फिल्टर मशीन खराब पड़ा है, मिड डे मिल में हाथ धोने व बर्तन धोने में बच्चों को परेशानी होती है और तेज धूप में खड़े होकर नौनिहालों को मिड डे मिल व प्रेयर करने में दिक्कत होती है। बच्चों के लिए नये शौचालय, पेयजल, शेड की जरुरत है। अधूरी बाउंड्रीवॉल के कारण आवारा मवेशी, कुत्तों से रोज परेशान होते हैं, देर शाम होते ही स्कूल मैदान में शराबियों का जमघट लगता है, वहीं शराब की खाली शीशी फेंक कर चले जाते हैं जिससे काफी परेशानी होती है। आत्मानंद स्कूलों में सफाई कर्मचारी, चपरासी भी नही है, जबकि कलेक्टर दर भी नियुक्त नही होने से परेशानी हो रही है, जबकि सभी प्राइमरी व मिडिल स्कूल में सफाई कर्मी कार्यरत है।

## नपं पाटन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

जिले के नगर पंचायत पाटन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगणों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

■ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा रहे साक्षी

पाटन के नया बस स्टैंड के पास आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और कार्यक्रम के अध्यक्ष सांसद विजय बघेल के मौजूदगी में एसडीएम लवकेश ध्रुव ने अध्यक्ष योगेश निक्की भाले को पद और निष्ठा की शपथ दिलाई। तत्पश्चात पन्द्रह पार्षदों ने पांच-पांच के समूह में शपथ ग्रहण किये। विशिष्ट अतिथि विधायक ललित चन्द्राकर समारोह में शामिल हुए।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के अध्यक्ष दयाशंकर सोनकर, जिला पंचायत दुर्ग की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे तथा शसुरेंद्र कौशिक, राजेन्द्र पाध्ये सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व एसपी जितेन्द्र शुक्ला, एडीएम अरविन्द एक्का, एसडीएम लवकेश ध्रुव, तहसीलदार मीना साहू सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## पाटन में प्रेस से मिलिए कार्यक्रम आज

**सेलूद।** अनुविभागीय पत्रकार संघ पाटन द्वारा पाटन क्षेत्र के नगरीय निकाय के अध्यक्ष, पार्षदों एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित 108 सरपंच, 25 जनपद सदस्य, 4 जिला पंचायत सदस्य एवं सहकारी समितियों के प्राधिकृत अधिकारियों, विधायक, सांसद का सम्मान समारोह एवं 'प्रेस से मिलिए' कार्यक्रम का आयोजन 19 मार्च को सुबह 11 बजे से स्वामी आत्मानंद आडोटोरियम पाटन में आयोजित किया गया है। प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में जनप्रतिधियों के अलावा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सांसद विजय बघेल एवं कमल वर्मा संयोजक छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन, लवकेश ध्रुव एसडीएम पाटन, मीना साहू तहसीलदार, जागेंद्र साहू सीईओ जनपद पंचायत पाटन, अनूप कुमार लकड़ा एसडीओपी पाटन, प्रदीप महिलांगे बीईओ, भुनेश्वर कठौतिया खंड चिकित्सा अधिकारी एवं सभी पंचायत के सचिव आदि उपस्थित रहेंगे।

## थनौद में मिनी माता जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

■ संसद में अस्पृश्यता बिल पास कराने में मिनीमाता की रही महत्वपूर्ण भूमिका

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत थनौद में मिनी माता जयंती मनाई गई। मिनी माता राजनीति के साथ-साथ समाज सेवा के कारण भी उनकी लोकप्रियता थी। उनकी समाज सेवा के कारण ही लोग उन्हें मिनी माता के नाम से पुकारते थे। मिनी माता ने सतनामी समाज के लिए कई सराहनीय काम किए हैं। उनके बातों को सर्व समाज ने स्वीकार किया और समाज सुधार की दिशा में कार्य किया। समाज में पिछड़ापन और छुआछूत जैसी तमाम कुरीतियों को दूर करने के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। संसद में अस्पृश्यता बिल को पास कराने में मिनीमाता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बाल विवाह, दहेज प्रथा, गरीबी और अशिक्षा दूर करने के लिए भी मिनीमाता लगातार आवाज उठाती रहीं। सामान्य और मध्मवर्गीय परिवार से होने के कारण छत्तीसगढ़ की जनता का मिनीमाता से सीधा जुड़ाव था। इसी वजह से प्रदेश की जनता उन्हें राजमाता जैसा सम्मान देती थीं। इस अवसर पर सरपंच मेनका दिनेश देशमुख, पूर्व सरपंच दिनेश देशमुख, उपसरपंच मनीष कुमार धृतलहरे, कुलेश्वरी देशलहरे, नरेंद्र सोनवानी, ओंकार गायकवाड़, सचिन खरे, संतोष खरे, सैनिक कुमार, गौकरण, प्रवीण धृतलहरे, सेवाराम सहित सामाजिक बंधु ने मिनीमाता के मूर्ति पर माल्यार्पण कर माता के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

## सुपेला शास्त्री अस्पताल को पर्याप्त सेटअप व बजट देकर जल्द बनाएं 100 बिस्तर: विधायक रिकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ विधानसभा में मंगलवार को वैशाली नगर और भिलाई क्षेत्र की लगभग 6 लाख की आबादी के स्वास्थ्य सुविधा के मद्देनजर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने चिंता जताते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से सवाल किए। श्री सेन ने जवाहर नगर औद्योगिक क्षेत्र में सौ बिस्तर अस्पताल की आवश्यकता पर जोर देते हुए स्वास्थ्य मंत्री से न सिर्फ इसके क्राइटेरिया को लेकर प्रश्न किया बल्कि पिछले कई वर्षों से अनेक बार घोषणा होने के बाद भी लाल बहादुर शास्त्री शासकीय अस्पताल सुपेला में 100 बिस्तर का सेटअप क्यों नहीं किया जा सका इस संबंध में चिंता भी जताई है। विधायक रिकेश ने भरे सदन में पूछा कि क्या वजह है पिछली कांग्रेस सरकार में खोले गए आयुष्मान आरोग्य क्लिनिक में वर्षों से लटका रहे ताले कब खुलेंगे? आपको बता दें कि विधायक रिकेश सेन ने सदन को बताया कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में ढाई लाख के लगभग मतदाता हैं और साढ़े तीन लाख के लगभग जनसंख्या है। उसी तरह भिलाई विधानसभा को भी मिलाकर छः लाख से ज्यादा मतदाता हैं लेकिन उस जगह पर जवाहर नगर औद्योगिक क्षेत्र के आसपास एक भी सौ बिस्तर अस्पताल दोनों विधानसभा को मिलाकर भी नहीं है। स्वास्थ्य मंत्री क्या इस पर आपने कोई विचार किया कोई मंथन किया है? सौ बिस्तर अस्पताल खोलने के लिए क्या नियम होने चाहिए कितनी आबादी होनी चाहिए? जवाब में स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि जवाहर नगर और औद्योगिक क्षेत्र की आसपास में ही 80 बिस्तर सुपेला हॉस्पिटल है, यहां डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल भी है और साथ ही 13 किलोमीटर की रेडियस में चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कालेज संचालित है। ऐसे में जवाहर नगर और औद्योगिक क्षेत्र में सौ बिस्तर हॉस्पिटल खोला जाना संभव नहीं है क्योंकि बहुत ही नजदीक में वहां पर पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं हैं।



■ दो विस के 6 लाख लोगों के स्वास्थ्य को लेकर सदन में किए सवाल

#### सुविधा के अभाव में जिला अस्पताल पर आश्रित होना पड़ता है

स्वास्थ्य मंत्री ने विधायक रिकेश सेन की चिंता को जायज बताते हुए कहा कि मैं सुपेला हॉस्पिटल दो बार जा चुका हूँ और बहुत अच्छा हॉस्पिटल है, वहां पर्याप्त स्पेशलिस्ट डाक्टर हैं, यहां ग्यारह हजार से ऊपर की ओपीडी होती है साल भर में और आईपीडी भी पर्याप्त होती है। जो आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले गए हैं इनके विधानसभा में, यह कहना सही है कि स्टाफ की कमी है उसको दूर करने के लिए हम लोगों ने 184 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चालू की है। भर्ती प्रक्रिया जैसे ही पूर्ण होती है जल्द स्वास्थ्य केंद्रों की सुविधा भी दुरूस्त हो जाएगी। आने वाले समय में सुपेला अस्पताल को निश्चित रूप से हंड्रेड बेड करने की योजना हमने बनाई है। श्री सेन ने स्वास्थ्य मंत्री के सदन में आश्वासन पर उनको धन्यवाद देते हुए निवेदन किया कि सुपेला अस्पताल को प्लानिंग के तहत सौ बिस्तर कर उसमें पर्याप्त संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएं। उसकी जर्जर हालत को व्यवस्थित कर वहां आई स्पेशलिस्ट, अन्य रोग विशेषज्ञ, जनरल मेडिसिन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, डेंटल विशेषज्ञ तथा ब्लड स्टोरेज यूनिट तो है मगर सुव्यवस्थित सेटअप और सुविधा के अभाव में हमें जिला अस्पताल पर आश्रित होना पड़ता है इसलिए इन कमियों को दूर करने पर्याप्त बजट का प्रावधान कर जल्द सुपेला लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल को शास्त्री की गरिमा अनुरूप डेवलप भी किया जाए।

## डुमरडीह में चलाया सफाई अभियान

**उतई।** ग्राम पंचायत डुमरडीह के युवा सरपंच धर्मेंद्र बंजारे एक्शन मोड पर बस स्टैंड डुमरडीह उतई में सफाई अभियान चलाया। बहुत दिनों से इस क्षेत्र में



गंदगी का आलम था जिसे देखते हुए साफ-सफाई कराया जा रहा है। सरपंच बंजारे का कहना है कि पहले हम ग्राम की गंदगी को साफ करे उसके बाद लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करे। हमारा मिशन स्वच्छ भारत, स्वच्छ डुमरडीह, बस स्टैंड डूमरडीह उतई में बहुत जल्द ही लोगों को सार्वजनिक शौचालय, पीने के लिए पानी टंकी की व्यवस्था की जाएगी जो बहुत ही जरूरी है। साफ-सफाई के दौरान सरपंच धर्मेंद्र बंजारे, उपसरपंच कोमल बंजारे, नवल किशोर सिंह एवं पंचगण सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## पंथी नृत्य में मुस्कान ने रचा इतिहास

**उतई।** मुस्कान देशलहरे की ग्राम घुघसीडीह आगमन पर पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के द्वारा फूल माला व डीजे के साथ स्वागत कर रैली निकाली



गई। मुस्कान देशलहरे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय एग्रीकलचर बीएससी फाइनल ईयर की छात्रा है। मुस्कान के पिता दिलीप देशलहरे एक आटो चालक हैं। मुस्कान का ग्रामीणों ने सम्मान किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सरपंच ललिता बारले, उपसरपंच घनश्याम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, प्रवीण यदु, फलेंद्र सिंह राजपूत, पूर्व सरपंच बैशाखू राम साहू, रोशन साहू, संगीता बारले आदि उपस्थित थे।

## बृजेंद्र बने नगर पंचायत धमधा के निर्विरोध उपाध्यक्ष

**धमधा।** धमधा नगर पंचायत में आज उपाध्यक्ष पद को लेकर निर्वाचन प्रक्रिया किया गया जिसमें केवल भाजपा से वार्ड नंबर 1 के पार्षद बृजेंद्र दानी ने अपना नामांकन भरा और कोई भी प्रत्याशी न होने से इस उपाध्यक्ष चुनाव में बृजेंद्र दानी को निर्विरोध उपाध्यक्ष घोषित किया गया। मौके पर अनुविभागीय अधिकारी सोनाल डेविड ने प्रमाण पत्र सौंपा। वही नगर पंचायत धमधा की अध्यक्ष स्वेता प्रशांत अग्रवाल सहित सभी पार्षदों ने बधाई दिया। वही पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सिंह राजपूत ने बधाई देते हुए कहा कि धमधा की राजनीति में बृजेंद्र का बहुत अहम रोल रहता है उन्हें हर बार नगर के अलग अलग वार्डो से भाजपा ने टिकट दिया है और वे हर बार



अलग-अलग वार्ड में जीत दर्ज करा कर अपनी योग्यता सिद्ध किए है। इस मौके पर दुर्ग भाजपा से कांतिलाल बोथरा, शिव चंद्राकर, साजा विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट, प्रशांत अग्रवाल आदि ने बधाई दी है।


## बिजनेस साइट

### हाइटेक में स्कोलियोसिस की जटिल सर्जरी, टेढ़ी रीढ़ के साथ चलना फिरना भी था मुश्किल



**भिलाई।** हाइटेक सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में स्कोलियोसिस (पार्श्वकुब्जता) की जटिल सर्जरी की गई। इस रोग में रीढ़ की हड्डी कई जगह से मुड़-तुड़ जाती है जिसके कारण नसों पर दबाव पड़ता है और शरीर के संतुलन भी बिगड़ जाता है। इलाज में रीढ़ को सीधी करने के लिए सर्जिकल इंटरवेंशन की जरूरत पड़ती है ताकि नसों पर दबाव कम हो और चलने फिरने की दिक्कत भी कम हो जाए। हाइटेक के नेक एंड स्पाइन सर्जन डॉ. दीपक बंसल ने बताया कि 60 वर्षीय यह महिला रायपुर से यहां आई थी। महिला को स्कोलियोसिस के साथ ही कई अन्य प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं थीं, इसलिए उसका इलाज नहीं हो पा रहा था। किसी रिश्तेदार के कहने पर वह यहां पहुंची थी। डॉ. बंसल ने बताया कि महिला को सायटिका, रूमेटाइड आर्थ्राइटिस, हाइपर टेंशन, हाइपो थायराइडिज्म के साथ ही डायबिटीज की भी समस्या थी। लगातार दर्द निवारकों पर रहने के कारण उसकी समस्याएं बढ़ती चली जा रही थीं। जब महिला यहां आई तो वह घर के भीतर भी ज्यादा नहीं चल पा रही थी। एक जगह से दूसरी जगह जाते ही उसके पैरों में झिनझिनी आ जाती थी और उसे बैठना पड़ता था। महिला की सभी जांचें करने के बाद उसकी सर्जरी प्लान की गई। रीढ़ को सीधा करना एक जटिल प्रक्रिया होती है, इसके लिए स्पाइनल फ़्यूज़न नामक सर्जरी की जाती है। इसमें, रीढ़ की हड्डी को सीधा करने के लिए धातु की छड़ें और हड्डी के ग्राफ़्ट का इस्तेमाल किया जाता है। रीढ़ की हड्डी को सही जगह पर रखने के लिए स्क्रू लगाए जाते हैं। डॉ. बंसल ने बताया कि सर्जरी के बाद महिला की रिकवरी अच्छी रही। उसकी सायटिका का दर्द भी जाता रहा, अब वह आराम से चल फिर पाती है। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद जब वह नियमित जांच के लिए दोबारा अस्पताल आई तो वह काफी खुश थीं। रीढ़ की ऐसी समस्याओं का अंतिम समाधान सर्जरी ही है। इसे जितना टालते जाएंगे समस्या बढ़ती जाएगी और क्वालिटी ऑफ लाइफ भी खराब होती चली जाएगी।


### कुम्हली स्कूल में मां सरकार की टीम पहुंची, बच्चों ने किया स्वागत

## होली मिलन समारोह में पूर्व सरपंच को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

कुम्हली शासकीय स्कूल के बच्चों की माता-पिता और दादा-दादी गांव की सरकार बनने से बच्चों खुशी की लहर है। बच्चों की सोच है कि अब हमारा स्कूल सर्व सुविधायुक्त और शानदार बनेगा। बच्चो ने अपने नवनिर्वाचित सरपंच मां, पंच दादा, पंच दादी का स्कूल में स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच, पूर्व उपसरपंच, पूर्व पंच गण भी उपस्थित थे। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव परिणाम ने कुम्हली में एक नए नजारा सामने आया है जिसमें शासकीय प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल कुम्हली में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता, दादा-दादी सरपंच और पंच निर्वाचित होकर होली मिलन समारोह में स्कूल पहुंचे तो पुत्र-पुत्री और पोते ने स्वागत किया। ग्राम पंचायत कुम्हली अनुसूचित जाति महिला आरक्षित हुआ परिणाम स्वरूप नवनिर्वाचित सरपंच टिकेश्वरी ठाकुर अपने पुत्री दामिनी और गुंजन की स्कूल पहुंची। बच्चो ने गांव की मां सरकार का भाव विभोर नयनों के साथ स्वागत अभिनंदन किया और प्रसन्न हो गई। नव निर्वाचित पंच मेहत्तर यादव के पोते छात्र दिव्यांशु ने पंच पोराबाई डहरिया के पोते मंजीत कुमार डहरिया ने पंच तिहारूराम महिपाल के पुत्र ईशांत ने पंच हसीना डहरे के पुत्र मयंक एवं राहुल ने पंच मोगन सपहा के पुत्र धनंजय नवनिर्वाचित सरकार के पंचों का स्वागत किए।



#### गांव का हर बच्चा पढ़ाई में रहे आगे

मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित सरपंच टिकेश्वरी ठाकुर ने कहा कि संविधान के नियमों के तहत आरक्षण का लाभ मिलने पर मतदाताओं के विश्वास ने मुझे सरपंच पद पर आसीन होकर सेवा करने का अवसर मिला है। परिस्थिति जन्य कारणों से बहुत ज्यादा पढ़ी लिखी नहीं हूं लेकिन पढ़ाई के क्रेज को महसूस करती हूं और चाहती हूं कि गांव का हर बच्चा पढ़ा लिखा हो माता पिता बच्चो को पढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़े क्योंकि ज्ञान की पूंजी आने वाली पीढ़ी के लिए सबसे बड़ा उपहार है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए ग्राम पंचायत कुम्हली सदैव तत्पर रहेगा। सरपंच ने कहा कि स्कूल को सुव्यवस्थित करने में भागीदारी अदा करने की भूमिका पंचायत की है जिसे निभाया जाएगा।

#### विद्यालय प्रबंधन को दिलाया भरोसा

नवनिर्वाचित उपसरपंच विजय कुमार साहू ने विद्यालय प्रबंधन को पूर्ण भरोसा दिलाया कि बहुत सुंदर विद्यालय बनाएंगे और पढ़ाई के अच्छा वातावरण का निर्माण करेंगे। कार्यक्रम में निवर्तमान सरपंच डोमार सिंह साहू और उपसरपंच धनेश्वर साहू को भी बिदाई दी गई। इस अवसर पर पंच मेहत्तर यादव, मोनिका साहू, खिलावन साहू, मोगन सपहा, आरती साहू, दिनेश्वरी साहू, निशा सूर्यवंशी, प्रेमलता साहू, पोराबाई डहरिया, तिहारू महिपाल, हसीना डहरे, अनुराधा साहू एवं शिक्षक हुशनलाल चंद्राकर, पोषनलाल साहू आदि उपस्थित थे।

#### बच्चे शासकीय स्कूल में पढ़ रहे सौभाग्य की बात

हेड मास्टर छन्नूलाल साहू ने कहा कि नवनिर्वाचित सरपंच की दो बेटियां हैं कक्षा पांचवीं एवं सातवीं मे पढ़ती है इसी प्रकार पंचों के पोते-पोती, पुत्र-पुत्री भी पढ़ते हैं गांव की सरकार के बच्चों का शासकीय स्कूल में पढ़ना ही इस जमाने में स्कूल का सौभाग्य है निश्चित ही स्कूल की दिशा और दशा में व्यवस्था गत उम्दा सहयोग मिलेगा।

**खबर संक्षेप**



## ट्रक ट्रेलर एसो. ने किया पुलिया की मरम्मत

**भिलाई।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने मंगलवार को ट्रांसपोर्ट नगर की पुलिया की मरम्मत का कार्य स्वयं के संसाधनों से संपन्न किया । यह पुलिया तांदुला नहर पर स्थित है, जो औद्योगिक क्षेत्र भिलाई और हथखोज, ट्रांसपोर्ट नगर को जोड़ती है। पुलिया की स्थिति लंबे समय से जर्जर थी, जिससे भारी वाहनों और स्थानीय नागरिकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बताया कि भिलाई निगम और छग स्टेट इंडसट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा समय पर मरम्मत न होने के कारण एसोसिएशन ने स्वयं इस कार्य को करने का निर्णय लिया। पदाधिकारी रोज सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक मरम्मत कार्य में सक्रिय रूप से शामिल रहे। यह पहल एसोसिएशन की सामाजिक जिम्मेदारी को दर्शाती है।एसोसिएशन ने बीएसपी प्रबंधन के साथ बैठक कर बोरिया गेट में पार्किंग की व्यवस्था, वीटीएस की कमी, सप्लाई की छोटी गाड़ियों के लिए अलग गेट की व्यवस्था तथा सभी गाड़ियों के सुव्यवस्थित आवागमन के लिए चर्चा की। प्रबंधन ने पार्किंग के लिए स्थान की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए एसोसिएशन के सहयोग की अपेक्षा की।

## महिला पर हमला करने वाले पिता-पुत्र गिरफ्तार

**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले पिता पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 109, 296, 351(2), 115(2), 3(5) बीएनएस, 25 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।



सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि 17 मार्च को 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी एम. तुलसी ने शिकायत किया था कि पड़ोसी कृपाल सिंह से वर्ष 2024 में 5000 रूपये उधारी ली थी। पांच माह के भीतर उसे चुकाने की बात हुई थी। लेकिन कृपाल सिंह पूर्व ही अपना पैसा वापस मांगने लगा और पीड़िता द्वारा समय पर पैसा वापस कर देने की बात कहने पर कृपाल सिंह,जसपाल सिंह ने पैसे के बदले घर का सामान उठा कर ले जाने की धमकी दी। इस दौरान महिला के साथ गाली गलौज करते हुए धारदार हथियार तलवार से प्राणघात कर दिया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने 32 एकड़ हाउसिंगबोर्ड जामुल निवासी कृपाल सिंग ,जसपाल सिंग को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पुछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने धारदार हथियार तलवार जब्त किया है। कार्रवाई में जामुल टीआई कपिल देव पाण्डेय, प्रधान आरक्षक अनिल सिंह, आरक्षक रत्नेश शुक्ला, रूपनारायण बाजपेयी, चन्द्रभान यादव, जी. सामुएल, अतुल कुमार योगदान रहा है।

# आठवीं के बोर्ड पेटर्न पर पूछे गणित के सवाल से विद्यार्थी रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

आठवीं की परीक्षा बोर्ड पेटर्न में मंगलवार को शुरू हुई। पहला परचा गणित का रहा। बोर्ड पेटर्न में पूछे गए सवालों से परीक्षार्थी परेशान रहे। विद्यार्थियों को सवाल हल करने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। दुर्ग जिले के 383 सरकारी स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इन परीक्षा केंद्रों में 17 हजार 180 विद्यार्थी बैठे। अशासकीय विद्यालयों में भी परीक्षा ली गई।

**अलग खबर**

### सवाल हल करने आंसरशीट में जगह की कमी

बोर्ड पेटर्न में आयोजित आठवी की परीक्षा में प्रश्नपत्र और आसंरशीट एक ही था। सवाल के नीचे रिक्त जगह में विद्यार्थियों को जवाब लिखना दिया गया लेकिन स्पेस इतना कम था कि विद्यार्थियों ने सप्लीमेंट्री मांगते मिले। हालांकि सप्लीमेंट्री की सुविधा इस तरह के आंसरशीट होने की वजह से विद्याथियों को नहीं दी गई। सबसे ज्यादा दिक्कत रेखागणित के सवाल हल करने में हुई। चित्र बनाना और उसकी डिटेल लिखने के लिए जगह कम पड़ गई।

### दुर्ग जिले के 383 परीक्षा केंद्रों में 17 हजार 180 बच्चों ने दी परीक्षा

| विषय | समय सरिणी |
|---|---|
| हिन्दी- | 12 मार्च |
| अंग्रेजी- | 26 मार्च |
| सा. विज्ञान- | 29 मार्च |
| विज्ञान- | 1 अप्रैल |
| संस्कृत/उर्दू- | 3 अप्रैल |



### केंद्राध्यक्ष बदले पर पर्यवेक्षक वहीं के शिक्षक

बोर्ड पेटर्न पर आयोजित आठवी की परीक्षा में संस्था प्रमुख को बदला गया है। यानी हेडमास्टर उस स्कूल के नहीं हैं जहां परीक्षा आयोजित हो रही है। केंद्राध्यक्ष समीप के स्कूल के हेडमास्टर को बनाया गया है। पर्यवेक्षक यानी कक्षों में परीक्षा लेने वाले शिक्षक उसी स्कूल के हैं जहां के विद्यार्थी को उन्होने पढ़ाया है।

### 177 संकुलों में आंसरशीट रखने का इंतजाम

जिले के 177 संकुलों में आंसरशीट रखने का इंतजाम किया गया है। जिला शिक्षा विभाग ने संकुल प्राचार्यों को निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी थी। प्रश्नपत्र थाने में रखवाए गए थे। सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित इस परीक्षा में थाने से प्रश्नपत्र लाए गए। सीलबंद प्रश्नपत्र समय पर खोलकर कक्षों में वितरण के लिए भेजा गया।

### ओए ने इक्विपमेंट चौक पर की गेट मीटिंग

# अधिकारियों की अनिवार्य सेवानिवृत्ति से गुस्साए बीएसपी अफसर सड़क पर उतरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल के 11 अधिकारियों को जबरिया घर बिठाने के विरोध में सार्वजनिक स्टील उद्योगों के सबसे बड़े अधिकारियों के संगठन ने सेल प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रभावित अफसरों की अनिवार्य सेवानिवृत्ति वापस लेने की मांग को लेकर सेफी के सेलव्यापी आव्हान पर ऑफिसर्स एसोसिएशन, भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई के बैनर तले मंगलवार को अधिकारियों ने मुर्गा चौक में विरोध प्रदर्शन किया।गेट मीटिंग में एसोसिएशन ने ऐलान किया है कि जल्द मांग पूरी नहीं होने पर पीएमओ तक अपनी आवाज बुंलद करेंगे।

ओए व सेफी अध्यक्ष एनके बंछोर की अगुवाई में सेल प्रबंधन द्वारा 11 अधिकारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दिए जाने को अनैतिक निर्णय करार देते हुए इसके विरोध में बीएसपी के अधिकारियों ने ओए द्वारा आज शाम को इक्विपमेंट चौक पर आयोजित गेट मीटिंग में बड़ी संख्या में पहुंच कर अपना विरोध दर्ज कराया। अधिकारी सेल प्रबंधन के इस निर्णय से बेहद आक्रोशित थे। इस गेट मीटिंग में सेफी चेयरमेन एवं ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर, महासचिव परविन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा सचिव संजय तिवारी, जेपी शर्मा सहित सभी जोनल प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में अधिकारी उपस्थित थे।

**पीएमओ तक आवाज बुलंद करने व अदालत का दरवाजा खटखटने का किया ऐलान**




### एकतरफा निर्णय से उत्पादन पर पड़ेगा असर: बंछोर

श्री बंछोर ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेल में पहली बार इस प्रकार का अनुचित निर्णय लिया गया है। अनिवार्य सेवानिवृत्ति से जहां इस्पात बिरादरी का मनोबल गिरेगा वहीं सेल के कार्य संस्कृति पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आज सेल ने जो स्थान हासिल किया है उसके पीछे सेल के कर्मठ कार्मिकों का महत्वपूर्ण योगदान है। इस तरह के एकतरफा निर्णय लिए जाएंगे तो कार्मिक अपना बेहतर निष्पादन नहीं दे पाएंगे। इसका असर सेल के उत्पादन, उत्पादकता पर भी पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि हम अपने अधिकारियों के अनिवार्य सेवानिवृत्ति के खिलाफ लड़ते रहेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय तक अपनी आवाज बुलंद करेंगे। जरूरत पड़ी तो न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाएंगे।

### कल ब्लैक बैच लगाकर अधिकारी करेंगे विरोध

ओए के महासचिव परविन्दर सिंह ने कहा कि हम अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश के विरुद्ध इस संघर्ष को और तेज करेंगे, हमारा अंतिम लक्ष्य होगा इस अनिवार्य सेवानिवृत्ति आदेश को रद्द कराना। एक ओर जहां सेल एक महारत्न कंपनी है, जिसे "ग्रेट प्लेस टू वर्क" से सम्मानित किया गया है। लेकिन समयपूर्व अनिवार्य सेवानिवृत्ति के इस निर्णय से कार्मिकों का मनोबल गिरने के साथ ही कंपनी की छवि भी धूमिल हुई है। सेल प्रबंधन का यह निर्णय कार्मिकों को हतोत्साहित करने वाला है। संघर्ष की अगली कड़ी में हम 20 मार्च को सेल के सभी अधिकारी ब्लैक बैच लगाकर इस निर्णय का विरोध करेंगे।

### आरआईएनएल व नगरनार का सेल में हो विलय

ओए पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार की नई इस्पात नीति में सेल को वर्ष 2030 तक 35 एमटी की क्षमता अर्जित करने का लक्ष्य दिया गया है। विस्तार के लिए सेल के द्वारा 1 लाख करोड़ रूपये की राशि का निवेश किया जाएगा। सेफी ने मांग की कि सेल के वर्तमान विस्तार के योजनाओं को ध्यान में रखते हुए इस्पात क्षेत्र के दो सार्वजनिक उपक्रमों नगरनार इस्पात संयंत्र एवं राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड जिनकी क्षमता क्रमशः 3 एमटी एवं 7.3 एमटी है। दोनों कंपनियों का सेल में रणनीतिक साझेदारी/विलय करने से विस्तारीकरण के लक्ष्य को शीघ्र हासिल किया जा सकेगा। इससे सेल के उत्पादन क्षमता को शीघ्र बढ़ाने में मदद मिलने के साथ इन राष्ट्रीय संपत्तियों को विनिवेश से बचाया जा सकेगा।

# हीरा बस सर्विस का मालिक पुलिस गिरफ्त में, धोखाधड़ी का मामला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

एक ही नंबर के दो बस चलाने के मामले में पुलिस ने संचालक के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि हीर बस सर्विस की दो बसे सीजी 7 ई 0872 नाम से सड़क पर दौड़ने की शिकायत एसपी जितेन्द्र शुक्ला से लिखित में की गई थी। इस दौरान एसपी ने सीएसपी हरीश पाटिल और जामुल टीआई कपिल देव पांडेय को इसका प्वाइंट दिया। जामुल पुलिस की टीम लेकर सड़क पर रवाना हुई और बस को जब्त कर थाने लेकर पहुंची। जिसका संचालक डोंगरगांव निवासी मानसिंह है, भिलाई में एसीसी चौक के पास भी आरोपी का हीरा ट्रांसपोर्ट के नाम से ऑफिस है। आरोपी ने टैक्स बचाने के लिए एक नंबर की 2 नंबर प्लेट बनाकर ट्रैक्स बचा रहा था। जामुल पुलिस को जानकारी मिली तो टीम के साथ बेरला रोड मुंगेरा के ठेंगाभाठ पहुंचे और ड्राइवर के घर से 40 सीटर बस को जब्त किया। पुलिस ने जब ड्राइवर को थाने में पूछताछ करना शुरु किया तो उसने एक नंबर प्लेट से दो बस में लगाने की बात को स्वीकार किया।बस के पकड़ने जाने के बाद आरोपी ने छुड़ाने के लिए जमकर बवाल किया। मौके पर रात में थाने में कई ट्रांसपोर्टर समेत जनप्रतिनिधि भी पहुंचे थे। पुलिस ने मान सिंह को पकड़ लिया है।

■ जामुल पुलिस ने किया कार्रवाई

### मोबाइल गुमने के बाद खाते से लाखों की ठगी

**भिलाई।** मोबाइल गुमने के बाद खाते से लाखों रुपए की ठगी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 318 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि क्वा नं 19 ए, स्ट्रीट 2 सेक्टर 1 निवासी अशोक कुमार कुशवाहा के मोबाइल 12 दिसंबर 2024 को पावर हाउस सब्जी लेने गया था और गुम गया था। इस दौरान पीड़ित के एसबीआई के खाते से अज्ञात ने 17 ट्रांजेक्शन कर 1 लाख 49 हजार 279 रूपये का ऑन लाइन पार हो गया। जिसकी शिकायत सायबर पोर्टल में की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

# महापौर नीरज ने एमआईसी में किया फेरबदल, पर्यटन सलमान के जिम्मे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिका निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल ने मंगलवार की देर शाम अपनी महापौर परिषद में फेलबदल किया है। इसके साथ ही वार्ड 35 से पार्षद इंजी. सलमान को एमआईसी मेंबर बनाया है। उन्हें संस्कृति, पर्यटन, मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण विभाग दिया गया है। पूर्व में इस विभाग की जिम्मेदारी वार्ड-39 से पार्षद रीता सिंह गेरा संभाल रही थीं। उन्हें महिला एवं बाल विकास विभाग दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग पहले मीरा बंजारे संभाल रही थीं, जिन्होंने 9 महीने पहले पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से एमआईसी का यह पद रिक्त था। महापौर नीरज पाल ने मंगलवार की देर शाम ये दोनों नियुक्तियां की। बता दें कि निगम में 14 एमआईसी मेंबर हैं। निगम के कार्यों को सुचारु रूप से चलाने के लिए महापौर ने परिषद का गठन किया गया है। महापौर ने अपनी एमआईसी में मन्नान गफ्फार खान को वित्त, लेखा एवं अंकेक्षण विभाग की जिम्मेदारी दी है। इसी तरह संदीप निरंकारी को सामान्य प्रशासन एवं विधायी कार्य विभाग, साकेत चंद्राकर को नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग,




■ महिला एवं बाल विकास विभाग प्रभारी होंगी रीता सिंह गेरा

एकांश बंछोर को लोक कर्म विभाग, केशव चौबे को जल-कार्य विभाग, सीजू एंथोनी को राजस्व विभाग, लक्ष्मीपति राजू को खाद्य, लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग, लालचंद वर्मा को अग्निशमन, विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग, चंद्रशेखर गवई को गरीबी उपशमन एवं सामाजिक कल्याण विभाग, मालती ठाकुर को अनुसूचित जाति एवं अनुसुचित जनजाति कल्याण विभाग, आदित्य सिंह को शिक्षा, खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग, नेहा साहू को पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग की जिम्मेदारी दी है। आगामी दिनों में वर्ष 20225-26 का वित्तीय बजट पेश होना है। इससे पहले महापौर ने अपनी महापौर परिषद की बैठकें भी तेज कर दी हैं।

## अग्रसेन आईटीआई के कब्जे हटाने कालोनीवासी सड़क पर उतरे

**भिलाई।** जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता के नेतृत्व में अग्रसेन ने आईटीआई द्वारा सड़क 6 की सड़क को मुक्त करने के लिए चंद्रनगर के सैकड़ों लोगों ने रोड पर उतरकर नाप जोक के लिए आई टीम को सहयोग करने के लिए दिनभर रोड पर खड़े रहकर अधिकारियों को सहयोग किया। विदित हो कि नाप जोक पर यह प्रमाणित हो गया कि लगभग 20 बाई 268 फीट की जगह रोड के लिए है और वह कब्जे में है 20 बाई 164 फेक की जगह राजेंद्र अग्रवाल के कब्जे में जिन्होंने उन्होंने लिखित में स्वीकार किया और उसे 10 दिनों के भीतर छोड़ने का लिखित में स्वीकार किया राजेश पटेल ने भी 20 बाई 162 फीट की जगह लगभग जो पहले मालिक थे उन्होंने गलत तौर पर उसे कब्जे में रखा था उसे छोड़ने के लिए अपनी सहमति दी इस तरह लगभग 20 बाई 326




फीट सड़क कब्जा मुक्त होनी चाहिए कुछ कब्जे की जगह सीमांकन होने के बाद रिपोर्ट आने पर पुष्टि हो पाएगी किया अवैध कब्जे की जगह है कि नहीं जिसे पटवारी और आर आई एक हफ्ते के बाद रिपोर्ट देने का आश्वासन दिया विदित हो कि अग्रसेन आईटीआई के संचालक द्वारा लगभग 25 वर्षों से रोड की जगह को कब्ज में करके रखा गया है और अधिक प्रभाव के कारण रोड को खाली नहीं कराया जा सकता है जिसे भाजपा नेता शारदा गुप्ता ने उच्च न्यायालय का शरण लेकर इस रोड को कब्जा मुक्त करने का याचिका दायर की थी।

## जामुल पालिका क्षेत्र में समर लीग का हुआ आगाज



**भिलाई।** नपा परिषद जामुल क्षेत्र में समर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शिवपुरी स्टेडियम में हो रहा है। यह मैच 18 मार्च से 30 मार्च तक चलेगा। जिसके आयोजक निलेश चक्रधारी , रवि साहू , श्यामू साहू ,दीपांशु नारंग , प्रदीप निषाद है। यह आयोजन नपा जामुल के द्वार किया जा रहा है। मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष जामुल ईश्वर सिंग ठाकुर , उपाध्यक्ष सुनीता मधुकर चेन्नेवार , पार्षद वार्ड 16 व पीआईसी सदस्य चुम्मन वर्मा और समाजसेवी विकास यादव थे। लीग में दस टीमों ने हिस्सा लिया है। जिसमें जामुल समर लीग में 10 टीमों ने हिस्सा लिया है। जिसमें शिवपुरी वारियर, मालपुरी इंडियन, दिविजा 11, अनंत फाइटर, टारगेट वारियर, वान्या 11, जय श्रीराम, चैपिंयन बासिन, अशद 11, अमर 11 है। प्रथम पुरस्कार 1 लाख और द्वितीय 75 हजार रुपए है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई , 20 मई से 29 मई , 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

**स्कीम वर्कर्स को कर्मियों के समान मिले वेतन व सामाजिक सुरक्षा, निजीकरण पर भी लगे रोक**

# छह सूत्रीय मांगों को लेकर बीएमएस ने कलेक्टोरेट के सामने किया जंगी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सरकारी संपत्तियों को बेचने पर रोक और कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ जिला दुर्ग के बैनर तले मंगलवार को कलेक्टोरेट के सामने पटेल चौक पर प्रदर्शन किया गया। इसमें बीएमएस से संबद्ध संगठनों के सदस्य, पदाधिकारी व निकायों तथा आंगनबाड़ी, आशा वर्कर आदि कर्मचारी शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से सौंपे गए ज्ञापन में बीएमएस कार्यसमिति समिति में पारित प्रस्ताव को सरकार के समक्ष पेश कर कर सभी मांगों को जल्द पूर्ण करने की मांग की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा जल्द मांगें पूरी नहीं किए जाने पर आंदोलन किया



जाएगा। बीएमएस नेताओं की अगुवाई में भिलाई नगर निगम, रिसाली, भिलाई तीन चरौदा व दुर्ग आदि निकायों व आंगनबाड़ी आदि विभागों के कर्मचारी नारेबाजी करते हुए रैली के रुप में 12 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचे । यूनियन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के नाम कार्य समिति के बैठक में पारित प्रस्ताव की प्रति कलेक्टर को सौंपी। इसमें कर्मियों की न्यूनतम पेंशन को बढ़ाकर 1 हजार से 5 हजार किये जाने सहित महंगाई भत्ता से जोड़ने, पेंशन भोगी को आयुष्मान भारत की सुविधा, ईपीएफ की वेतन सीमा 15 हजार से बढ़ाकर 30 हजार रुपए व ईएसआईसी की वेतन सीमा 21000 रुपए से बढ़कर 42 हजार करने की मांग की गई है। साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने,बीमा/ वित्तीय क्षेत्र में 100% विनिवेश में रोक, स्कीम वर्कर्स (आँगनबाडी सहायिका, आशा वर्कर ) को सरकारी कर्मचारियों के समान वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा देने,असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के रोजगार की सुरक्षा, नियमतीकरण न्यायपूर्ण वेतन, सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना आदि मांगों को पूर्ण करने पर जोर दिया गया है। प्रदर्शन में बीएमएस के जिलाध्यक्ष मिथलेश विश्वकर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष रवि चौधरी, जिला मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी, स्वायत्तशासी प्रदेश महामंत्री शरद दुबे, देवेंद्र चंद्राकर, अशोक शर्मा, यशवंत राव, नलनीश मिश्रा, शशि भूषण मोहंती, अनिल सिंह, विवेक रंगनाथ, रवि शंकर सिंह, अरविन्द सिंह, आरके पाण्डेय, ज्ञान सिंह राजपूत, शशी भूषण शर्मा, गुरमीत सिंग, वाल्मीकि सिंह आदि उपस्थित थे।

### पेंशनर्स की न हो उपेक्षा

बीएमएस नेताओं ने सामाजिक सुरक्षा सहित विभिन्न सुविधाओं को लेकर कर्मियों की उपेक्षा पर असंतोष जताते हुए केंद्र सरकार से जल्द सभी मांगों को पूर्ण कराने पर जोर दिया। मिथलेश वर्मा ने कहा कि केंद्र के बजट में कर्मचारी हित में बीएमएस के सुझावों पर अपेक्षानुरुप कार्यवाही नहीं की गई है। कार्यसमिति के प्रस्ताव से संबंधित मांगों को पीएम सरकार से जल्द पूर्ण करा राहत दिलाएं। शरद दुबे ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार सरकारी संपत्तियों के निजीकरण पर रोक लगाने के साथ ईपीएस 95 के तहत 75 लाख से अधिक पेंशनर्स को राहत प्रदान करने के साथ ज्ञापन की सभी मांगों को जल्द पूर्ण करे। आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की पदाधिकारी गुरमीत सिंग ने कहा कि स्कीम वर्कर्स को सरकारी कर्मियों के समान वेतन व सुविधाएं मिले, ताकि उनका मनोबल बढ़े। वाल्मीकि सिंह ने कहा कि मजदूरों को पर्याप्त वेतन के साथ सामाजिक सुरक्षा पर सरकार गंभीरता से ध्यान दे।

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।



संपर्क करें-
7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 19 मार्च 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 9755819129






कोपेनहेगन का प्यार

## लाइव इवेंट

### झूलेलाल धाम में बंटी कुलदेवी हिंगलाज की तस्वीर, अरदास, पल्लव, भजन कीर्तन का भी आयोजन



**भिलाई।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी साईं झूलेलाल धाम हाउसिंग बोर्ड का दशम स्थापना दिवस समारोह मंगलवार को मनाया गया। साईं झूलेलाल धाम महिला मंडली एवं आदर्श सिंध ब्रादर मंडल द्वारा सिंधी संस्कृति के पारंपरिक लोकगीत एवं साईं झूलेलाल के भजन गाकर झूलेलाल के प्रेम रस में सराबोर होकर नाच झूमकर इस मंगल दिवस को आनंदित होकर मनाया। समापन अवसर पर साईं झूलेलाल की आरती, अरदास एवं पल्लव गाकर विश्व आरोग्य, सामाजिक समरसता, एकता, भाईचारे एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण की मंगल कामना की गई। इस अवसर पर सृष्टि की रचना का महत्वपूर्ण अंग महिलाओं के सशक्तिकरण एवं सम्मान हेतु सिंधी समाज की कुलदेवी हिंगलाज माता की फोटो का निशुल्क वितरण किया गया। गत वर्ष 22 यूनिट रक्तदान समाज की ओर से किया गया था। समाज के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र कृष्णानी ने उपस्थित अतिथियों को अपने उद्बोधन में बताया कि हाउसिंग बोर्ड में पिछले 60 साल से सिंधी समाज निवासरत है, लेकिन पिछले 51 साल तक हाउसिंग बोर्ड सिंधी समाज के पास अपने ईष्ट देव की पूजा करने वह सामाजिक आयोजनों के लिए कोई निश्चित स्थान नहीं था। समाज के लंबे संघर्ष के बाद 18 मार्च 2015 को साईं झूलेलाल धाम में हमारे इष्ट देव की प्राण प्रतिष्ठा हुई। उसके बाद समाज ने समाज सेवा के क्षेत्र में ऐसे अनेकों कार्य किया जिससे साईं झूलेलाल धाम की एक अलग पहचान बनी। कार्यक्रम में अनिल थारवानी, अमृत कृष्णानी एवं महिला मंडली की ओर से लक्ष्मी नागदेव, मोनिका जयसिंह, लता मेहरचंदानी, कमला भगत, वंदना कृष्णानी आदि मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### होली मिलन में इमर्जिंग सिंगर्स ग्रुप ने सजाई सुरों की महफिल



**भिलाई।** होली मिलन समारोह का कार्यक्रम 16 मार्च मरोदा के स्वामी आत्मानंद उद्यान में आयोजित किया गया। इस दौरान गायक, गृहणियां और अन्य संगीत प्रेमी इसमें शामिल हुए। इमर्जिंग सिंगर्स ग्रुप जो पिछले एक वर्ष से रिसाली और मरोदा में कराओके सिंगिंग के माध्यम से संगीत प्रेमियों का मनोरंजन कर रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रिसाली नगर निगम सभापति केशव बंछोर शामिल हुए। ग्रुप के को-आर्डिनेटर एम. बाल कृष्णा राव के नेतृत्व में टीम में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत लोग जुड़े हुए हैं। जो संगीत के प्रति अपने जुनून को साझा करते हैं। लोगों ने इमर्जिंग सिंगर्स ग्रुप के प्रयासों की सराहना की। ग्रुप के इस अनूठे प्रयास से न केवल संगीत प्रेमियों को एक मंच मिल रहा है। कार्यक्रम से जिससे क्षेत्रीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर एन. राजेश, सुदर्शन , कार्तिक राम उपस्थित थे।

### इंटर स्टील शतरंज प्रतियोगिता के लिए टीम दुर्गापुर रवाना



**भिलाई।** इंटर स्टील शतरंज प्रतियोगिता के लिए बीएसपी की टीम दुर्गापुर रवाना हुई। टीम में आशीष कुमार श्रीवास्तव (कप्तान), दुर्गा बाबू, अशोक साहनी, शिवशंकर शर्मा, पी. कलाशंकर, टीम के मैनेजर एसके भगत शामिल हैं। बीएसपी के स्पोर्ट्स विभाग के विजय शर्मा, सहीराम जाखड़, भाविक, ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष एनके बंछोर, परमिंदर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### कुम्हारी साहू समाज का भिलाई साहू समाज में विलय



**भिलाई।** जिला साहू संघ भिलाई नगर के द्वारा मासिक बैठक जिला साहू संघ कार्यालय में आयोजित की गई। इसमें संघ के संरक्षक सलाहकार खिलावन साहू के मार्गदर्शन में कुम्हारी नगर साहू समाज को जिला साहू संघ भिलाई नगर में विलय किया गया। संगठन पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रदेश साहू संघ के निर्देश पर प्रत्येक तहसीलों में परिक्षेत्र का गठन किया जाना है, जिससे समाज मजबूत होगा। जिला साहू संघ की आजीवन सदस्यता को अधिक से अधिक बढ़ाना है। साथ ही आए हुए तहसील पदाधिकारियों से कर्मा जयंती समारोह अपने अपने इकाई, तहसीलों पर मनाने हेतु चर्चा की गई।

● भेलवा तालाब से की गई शुरू, शहर के पेड़ों को बचाने भिलाई निगम ने की शुरुआत

# हरे-भरे पेड़ों को दीमक से बचाने महाअभियान, आयुक्त की पहल पर चूना और पोटेशियम परमेगनेट से किया जा रहा पेंट

भिलाई निगम ने शहर के हरे-भरे पेड़ों को दीमक और अन्य कीटों के क्षरण से बचाने के लिए अनोखा अभियान शुरू किया है। अभियान की शुरुआत नेहरू नगर स्थित भेलवा तालाब से की गई है। बता दें कि यहां पुराने कतारबद्ध लगे हुए विभिन्न प्रकार के आकर्षक वृक्ष हैं, पिछले कुछ समय से दीमक और अन्य प्रकार के कीट की चपेट में हैं। उन्होंने बचाने के लिए निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने तालाब के पास के उक्त गार्डन का निरीक्षण किया। साथ ही इन पेड़ों को पुनर्जीवित करने अभियाान की शुरुआत की। उन्होंने पेड़ों के आसपास चूना और पोटेशियम परमेगनेंट का छिड़काव करने कहा। साथ ही पूरे शहर में हरे-भरे पेड़ सहेजने की दिशा में उपाय किए जाने के निर्देश उन्होंने दिए हैं।



**भिलाई।** मंगलवार को आययुक्त राजीव पांडेय और नेहरूनगर जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत भेलवा तालाब पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान योगा, प्राणायाम करने वाले शैलेन्द्र सिंग, जितेन्द्र सिंग, कवित्री संध्या श्रीवास्तव, प्रदीप डालमिया, डॉ. ललित पोपट ने शिकायत की पेड़ो के ऊपर दीमक लग रहे हैं। इससे कुछ ही दिनो में अच्छे खासे हरे-भरे पेड़ सूख जायेगे, दीमक बहुंत खतरनाक होते हैं, सब पेड़ों को नुकसान पहुचाएंगे, समय पर इसका निदान करना जरूरी है। आयुक्त पाण्डेय ने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को वहीं से फोन करके तुरन्त इसका निदान करने के लिए आदेशित किया। आदेशानुसार दीमक लगे पेड़ो के ऊपर चुना एवं पोटैशियम परमेगनेट से पोताई की जा रही है, इससे दीमक की समस्या का समाधान हो जाएगा। साथ में यह भी ध्यान दिया जायेगा कि पोताई माह में 2 बार हो, जिससे दीमक लगे पेड़ो से दीमक निकलकर दुसरे पेड़ो तक जाकर नुकसान न पहुंचाने पावें। सभी पेड़ो को पानी भी समय अनुसार डाला जा रहा है, जिससे पेड़ हरे-भरे रहे। वहीं पर पेड़ो के पत्तो को संग्रहित कर उससे कम्पोस्ट खाद भी बनाया जा रहा है। जिससे वहीं पर स्थित पेड़ पौधो को खाद भी मिल सके। इस दौरान उपअभियंता बसंत साहू, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे। इस दौरान आयुक्त पांडेय शहर के सभी हरे-पेड़ों की देखरेख करने और उन्हें दीमक से बचाने की दिशा में काम करने के लिए निर्देशित भी किया।

## सफाई कार्य में जुटीं 405 महिलाओं को स्वच्छता किट का वितरण



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में 9 एसएलआरएम सेंटर संचालित हैं। जहां पर भिलाई शहर से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग कर सेग्रिगेट किया जाता है। गीले कचरे से खाद बनाया जाता है और सूखे कचरे को छांट कर पुनः उपयोग के लिए स्वच्छता दीदीयों द्वारा बेच दिया जाता है। स्वच्छता दीदीयों को निगम द्वारा जीवन यापन के लिए एक निर्धारित मानदेय राशि भी प्रदान की जाती है। मंगलवार को आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने एसएलआरएम सेंटर पहुंचकर स्वच्छता दीदीयों से मुलाकात की। उन्हें किट का वितरण किया। किट में महिलाओ के लिए साड़ी, ब्लाउज, पेटिकोट सहित मास्क, केनवास शूज, गमबूट, रबर ग्लबस, टोपी, एपरन, मोजा, काटन ग्लबस, रैनकोट, नेम बैज, पहचान पत्र आदि प्रदान किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने बताया कि समय-समय पर सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाता है। स्वच्छता किट प्रदान करने से उन्हे कार्य करने में बहुत सहुलियत होगा। कुछ कर्मचारी ऐसे है, जिन्हें सब पहन कर कार्य करने में अटपटा लगता है, इस वजह से सभी इसे निकाल देते हैं। हम सब लोग उन्हे पहनने के लिए बीच-बीच में टोकते रहते है। स्वच्छता दीदीयों द्वारा सफाई के क्षेत्र में बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में नेहरू नगर, कोसानगर, खम्हरिया, बटालियन, राधिका नगर, पीली मिटटी, कुरूद, बैकुण्ठधाम, गौतम नगर खुर्सीपार में संचालित है। स्वच्छता किट वितरण के दौरान कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, उपअभियंता चंदन निर्मलकर, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, जोन सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, पीआईयू अभिनव ठोकने, सुभम पाटनी आदि उपस्थित रहे।

## होली टीका खेल में राजकुमारी बनी विजेता, सिंधु चंदेल रहीं उपविजेता, मिला सम्मान

**दुर्ग।** लीनेस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में लीनेस सदस्यों ने होली गीतों में नृत्य कर अपनी खुशियों का इजहार किया। इस अवसर पर सचिव आकांक्षा मिश्रा के संयोजन में सदस्यों के लिए आकर्षक व मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिताओं में सदस्यों ने बेहतर प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभाएं साबित की। गेम में विजयी सदस्यों को लीनेस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी अध्यक्ष अनीता शुक्ला व चीफ डिस्ट्रिक्ट एडवाइजर शबाना नाज द्वारा पुरस्कृत किया गया। 30 सेकंड में सबसे तेज गेम में सिंधु चंदेल प्रथम, शबाना नाज द्वितीय एवं पुष्पा पांडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेल बूझो तो जानें में शरद अग्रवाल प्रथम व पूष्पा मित्रा द्वितीय रही। टाइम हाउजी में शानू अग्रवाल प्रथम एवं अनीता तिवारी व रुचि सक्सेना द्वितीय और खेल होली टीका गेम में राजकुमारी तिवारी प्रथम एवं सिंधु चंदेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आभार प्रदर्शन लीनेस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी अध्यक्ष अनीता शुक्ला ने किया। इस अवसर पर रत्नमाला पलिया, स्नेहलता साहू, विभा गुप्ता, सीमा गुप्ता के अलावा अन्य लीनेस सदस्य मौजूद रही।




## बरसाने की तर्ज पर यादव महिलाओं ने खेली होली, फाग गीत भी गाए

**दुर्ग।** बरसाना के तर्ज़ पर गहिरा गुरुधाम यादव सांस्कृतिक भवन आमदी वार्ड 24 में यादव संघ मित्र कल्याण मंडल जिला दुर्ग शहर में लट्ठमार होली खेली गई। यादव महिलाओं ने ग्रामीण क्षेत्र में भगवान श्री कृष्ण की सजीव झांकी के साथ फूलों की होली खेली। जगतगुरु भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना कर सूखे गुलाल, तेंदुसार, फुलैता, लाठी लेकर यादव महिलाओं ने वरिष्ठ समाजसेवी ललित अग्रवाल, समाजसेवी ब्रजेश यादव पर छत्तीसगढ़िया फाग गीत गाकर होली खेली। लठ से मारते हुए उत्साह व उमंग के साथ जोश-खरोश भररा। इस अवसर पर यादव महिलाओं ने जल संरक्षण का संदेश देते हुए फूल व गुलाल से सूखी होली खेलती नजर आईं। यदुवंशी महिलाएं साथ में बाल गोपाल व गोपिकाएं गुलाल से खेलतीं रहीं। कार्यक्रम में सरस्वती यादव, लीला यादव, ग़ौरी यादव, निर्मला यादव, प्रभा यादव, करुणा यादव, मीना यादव, नीलम भंडारी, पार्वती शौरी, ईश्वरीय अंगारी, फूलबसिया मानिकपुर, ग्रामीण क्षेत्र से रजनी यादव, रेखा यादव, सरपंच ललिता निषाद, रेखा, फेरिन यादव, अध्यक्ष कमलेश यादव, उपाध्यक्ष हर्ष हिंद यादव, सचिव उमराव यादव, बुधराम यादव आदि उपस्थित थे।




रमजान में जारी है रोजा रखने का सिलसिला, दूसरा अशरा मगफिरत का चल रहा

# माहे रमजान में छोटे बच्चे भी रख रहे हैं रोजा, घर के बड़ों के साथ कर रहे इबादत

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** रमज़ान मुबारक के तीन अशरे (दस दिन) होते हैं, जिसमें पूरा रमजान 30 दिन का मुकम्मल होता है। होली के बाद स्कूली स्तर पर ...यादातर कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं हो चुकी ...से में माहे रमजान के दौरान नन्हें बच्चे भी ...त की राह पर हैं।

...मरकजी मस्जिद पावर हाउस कैंप 2 के मौलाना हाफिज इनामुल हक बताते हैं अल्लाह के आखिरी नबी हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इंसानों को अल्लाह के अहकाम पैगाम पहुंच कर उनको पूरा करने का तरीका भी बताया दिया है। रमजान में पहला अशरा (दस दिन) रहमत का होता है दूसरा मगफिरत (माफी) ओर तीसरा जहन्नुम (नरक) से आजादी का होता है।

इस्लाम में हर इबादत बालिगों पर फ़र्ज़ होती है। औसतन 10 वर्ष की उम्र में माहे रमजान मुबारक में छोटे छोटे बच्चे भी रोजा रखते हैं। इन बच्चों पर अभी रोज़ा फ़र्ज़ नहीं है फिर भी अपने बड़ों व घर वालों को देखकर इनके अंदर अल्लाह के इस हुक्म को पूरा करने का जज्बा देखने मिल रहा है। कोई 5 साल, कोई 6 साल और 7 साल की अभी उम्र में है लेकिन अंदर रोज़ा रखने का शौक पैदा हुआ है। मौलाना इनामुल हक कहते हैं कि रोज़ा अल्लाह की बेहतरीन इबादत है जो बुराइयों से रोकतीं है ऐसी असरदार इबादत कि इसके शुरू करने से शरीर और मन अल्लाह की मोहब्बत में आ जाते है। रोजा रखते ही रोजदार अपने आप को झूठ बोलने, दगा देने, फरेब करने और हर किस्म की बुराई से रुक जाता है। मौलाना इनामुल हक कहते हैं इसलिए इंसान में नेकी और अच्छाई की पैदाइश करने बच्चों को बचपन से रोज़ा की आदत डालें जिससे वे सच्चे ओर ईमानदार और इंसानियत के हमदर्द बने। खुर्सीपार की रहने वाली 6 साल की मायरा जैनब कहकशां ने छह साल की उम्र में पहली बार रोजा रखा है। इसी तरह कैम्प-1 की मायरा निजामुद्दीन ने भी पहली बार रोजा रखा है।

खुर्सीपार जोन-2 निवासी मोहम्मद आबिद के 5 साल के बेटे मोहम्मद एहतेशाम ने भी इस साल पहली बार रोजा रखा है। शहर की मस्जिदों में भी कई छोटे बच्चे अपने बड़ों के साथ इफ्तार के वक्त पहुंचते हैं। इन बच्चों में रोजा रखने का जज्बा देखकर हर कोई तारीफ कर रहा है।





मायरा जैनब | मोहम्मद एहतेशाम | मायरा निजामुद्दीन

### अल मदद सोसाइटी के रोजा इफ्तार में जुटे लोग, की गई दुआएं



मुस्लिम महिला गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) अल मदद एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की जानिब से रोजा इफ्तार का आयोजन सेक्टर-6 जामा मस्जिद के कम्युनिटी हॉल में रखा गया। जिसमें बड़ी तादाद में शामिल लोगों ने इफ्तार किया और दुआए खैर की। सोसायटी की संस्थापक अंजुम अली ने बताया कि इस आयोजन में बैतुल माल कमेटी और बीबी फातिमा जोहरा कमेटी से जुड़े लोग और उमरपोटी मदरसे के बच्चों ने भी शिकरत की। इस इफ्तार के आयोजन में सेक्रेटरी कौसर खान के साथ लीना तज़मीन और तहमीना की मुख्य भूमिका रही। वहीं सैयद जमशेद अली, आरिफ खान, शमीमुद्दीन और अलीमुद्दीन कुरैशी ने विशेष सहयोग दिया।

## सिटी इवेंट

# गमी परिवार को खुशियों में शामिल होने लगाया टीका




**भिलाई।** श्री राम सिंधी पंचायत वैशाली नगर द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सामाजिक मिलन कार्यक्रम में जहां रंग गुलाल लगाकर आपसी होली मिलन किया गया, वही एक बहुत अच्छी परंपरा को जीवित रखा और आने वाली पीढ़ी को एक नया संदेश दिया। होली के पूर्व समाज में जितने भी लोग इस नश्वर शरीर को त्याग कर ब्रह्मलीन हो जाते है उन परिवार में होली पर्व व अन्य खुशी के त्योहार नही मनाए जाते। ऐसे गमी वाले परिवार को एक स्थान पर झूलेलाल धाम वैशाली नगर में एकत्र किया गया और उन परिवार वालों को समाज के प्रमुख गुलाल का टीका लगाकर उन्हें होली पर्व में शामिल होने का निमंत्रण देते है। समाज के प्रमुख पदाधिकारियों द्वारा टीका लगाने के बाद सभी परिवार वाले होली पर्व में शामिल हो जाते है और रंग-गुलाल लगाकर समाज के साथ शामिल हो जाते है। इस परंपरा से गमी परिवार वाले दुख और अवसाद से बाहर निकलकर खुशियों में शरीक होकर अपने आप को समाज की धारा से जोड़ पाते है। समर्पण संस्था के सहयोग से यह कार्यक्रम झूलेलाल धाम वैशाली नगर में आयोजित किया गया। इसके बाद समाज के सभी सदस्यों के लिए सिंधु भवन में रंग गुलाल व स्वल्पाहार का आयोजन किया गया जहाँ सभी ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं प्रेषित की। श्रीराम सिंधी पंचायत के अध्यक्ष भीमसेन सेतपाल, दयाराम बत्रा, घनश्याम बक्तानि, दिलीप पावानी, जय गेहानी, शंकर सचदेव सहित अन्य सामाजिक जन उपस्थित थे।

■ श्री राम सिंधी पंचायत वैशाली नगर ने की पहल

## लाइव इवेंट

# विश्व स्तरीय क्रॉफ्ट मेले में अंकुश की तैयार कलाकृतियां प्रदर्शित



**भिलाई।** सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेला हरियाणा में अंचल के मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन द्वारा निर्मित भव्य प्रतिमाएं दर्शकों का मन मोह रही हैं। मेला प्रशासन ने इन स्थाई और नयनाभिराम कलाकृतियों के लिए अंकुश का आभार माना है। हस्तशिल्प उत्पादों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा यह मेला प्रतिवर्ष फरवरी और मार्च में आयोजित किया जाता है। दिल्ली एनसीआर के अंतर्गत आने वाला सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेला पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। जहां प्रतिदिन डेढ़-दो लाख से ज्यादा दर्शक और बीसों हजार विदेशी मेहमान आते हैं। इस मेले की खासियत है कि इसमें विश्व का कोई एक देश और भारत का कोई एक राज्य मिलकर मेजबानी करता है। जहां लोक कलाकार अपने द्वारा निर्मित कलाकृतियों को बेचकर करोड़ो अरबों रूपयों का व्यापार करते हैं। वर्ष 2015 में इसकी मेजबानी छत्तीसगढ़ राज्य और लेबनान देश ने संयुक्त रूप से की थी। तत्कालीन संस्कृति मंत्रालय द्वारा अंकुश के डिजाइन को सर्वश्रेष्ठ मानते हुए उन्हें इस मेले में सजावट का जिम्मा दिया गया। जिसके बाद उसकी टीम ने यहां तीन माह की मेहनत से 150 एकड़ परीक्षेत्र को पूरे छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति से पाट डाला था। बस्तर की माड़ीया-मुड़ीया कलाकृति, सिरपुर मंदिर, बारसूर के गणेश, ताला का रूद्रशिव, छत्तीसगढ़ी मंड़ई मेले की जीवंत झांकियां, जंवारा, भोजली और बैलगाड़ी का लंबा कारवां, उड़ती तितलियों से सुसज्जित मनमोहक प्रवेश द्वार को प्रदर्शित किया गया है। अंकुश देवांगन ने बताया कि मेला प्रशासन के 48 वर्षों के इतिहास में इससे श्रेष्ठ सजावट अब तक नहीं हुआ। जिसमें बनी अधिकांश कलाकृतियां आज भी वहां छत्तीसगढ़ के संस्कृति की सौंधी सौंधी महक बिखेर रही है। न्यूनतम लागत पर सीमेंट कांक्रीट की स्थाई कलाकृतियों का निर्माण किया गया है।

## स्पोर्ट्स इवेंट

# सॉफ्टबॉल टी-10 टूर्नामेंट का आगाज, 16 टीमें ले रहीं भाग



**भिलाई।** बीएसपी जोन वाइज प्रो सॉफ्टबॉल टी-10 टूर्नामेंट का आयोजन बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में कियाा जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। उन्हें चार पुल में विभाजित किया गया है। पूल ए में एस स्टील, मेडिकल, मिल जोन (डीसी) एवं मील जोन आर को रखा गया है। पूल बी में आयरन जोन ए, एनएसपीसीएल, सर्विसेज एम, एवं मिल जोन बी, पूल सी में मिल जोन वी, राइट्स, आयरन जोन ए एवं सर्विसेज, पूल डी सीआईएसएफ सर्विसेज मील जोन एस एवं ऑग्ज़ीलरी को रखा गया है।

■ बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में किया जा रहा आयोजन

● तालपुरी में महिला दिवस और होली मिलन समारोह का रंगारंग आयोजन

# 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' गीत पर किया नृत्य, आधुनिक परिधानों से सजी महिलाओं ने दिया विविधता में एकता का संदेश

**भिलाई।** तालपुरी बी ब्लॉक के क्लब हाउस में तालपुरी महिला समिति द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस तथा होली मिलन समारोह का रंगारंग आयोजन किया गया। हर्षोल्लास और उमंग के बीच मनाए गए इस समारोह में महिलाओं ने एक-दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया गया। खास बात यह रही कि सभी महिलाओं ने फिल्मी गीतों पर जमकर नृत्य किया और होली गानों का भरपूर आनंद उठाया। भारतीयों में गर्व की भावना एवं विविधता में एकता का जज्बा पैदा करने वाले गीत 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' पर महिलाओं का समूह नृत्य आकर्षण का केंद्र था। इस अवसर पर समिति की सदस्याओं ने गीत- संगीत से माहौल को खुशनुमा बना दिया। इस अवसर पर महिलाओं ने कई हिन्दी फिल्मों पर प्रस्तुतियां व तालियां बटोरी। कार्यक्रम के अंत में श्रेष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही भविष्य में ऐसे आयोजन पुनः किए जाने का निर्णय लिया गया।







### फिल्मी और फाग गानों पर खूब थिरकीं महिलाएं

समारोह की शुरुआत अध्यक्ष रेखा सिंह ने दीप प्रज्वलित कर की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ग्रहण करने या उच्च पद प्राप्त करने मात्र से हमारा बौद्धिक स्तर ऊंचा नहीं उठ जाता, इसके लिए ज्ञानवर्द्धक पुस्तकें पढ़ने के साथ-साथ अपनी सोच को सकारात्मक बनाना पड़ता है। आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए एक-दूसरे की परिस्थितियों को समझने से भी हमारा बौद्धिक विकास हो सकता है। सरस्वती वंदना से शुभारंभ इस समारोह में फाग और फिल्मी गानों पर तालपुरी की महिलाओं ने जमकर ठुमके लगाए। पारंपरिक और आधुनिक परिधानों से सजीं महिलाओं ने नृत्य प्रदर्शन के जरिये ऐसा समां बांधा कि दर्शक कार्यक्रम के समापन तक अपनी-अपनी सीटों पर जमे रहे।

### नृत्य के साथ सजी सुरों की महफिल

समारोह में सचिव नीतू साहू, उपसचिव सरोज तिवारी, कोषाध्यक्ष मोना सिंह, उप कोषाध्यक्ष धनेश्वरी शर्मा, मीडिया प्रभारी रेखा मालवीय, कार्यकारिणी सदस्य आशा जानी, सरला श्रीवास्तव, अनिता सिंह, मनोरमा सिंह, सीमा देवांगन, कृतिका साव, ममता शुक्ला, माला यादव, वकुला राव, श्यामली मुखर्जी तथा भावना राव विशेष रूप से उपस्थित थीं। एकल और समूह नृत्य पेश करने वाली महिलाओं में गायत्री देवांगन, अनिता दत्ता, बी सुशीला, बी तुलसी, प्रियंका, जयश्री फुले, मनीषा हाडगे, मंगला बोकड़, भावना साकुरे, स्मिता नांदुरकर, भावना देशमुख, प्रतिमा देवांगन, ममता वर्मा, देव प्रभा, सविता पिस्दा, प्रतिमा खरे, उर्वशा, ममता मिश्रा, निशा चतुर्वेदी, कविता सिन्हा, वंदना, नीतू चंद्राकर, आशा वर्मा, मंजू देवी, सत्यभामा, सुशीला चंद्रवंशी, रेखा मालवीय, कविता एवं वंदना शामिल हैं। वहीं आशा वरवड़े, चंपा वर्मा, आशा जानी, निशा चतुर्वेदी, प्रेमा सिंह और निर्मला चंद्राकर ने सुरों की महफिल सजाई।



## मन डोले रे माघ फागुनवा

# मुख मुरली बजाय छोटे से श्याम कन्हैया गीतों पर खूब हुई हंसी ठिठोली



**भिलाई।** निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में होली मिलन का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान राधा कृष्ण के स्वरूप को चित्रित करते डंडा नृत्य, होली नृत्य और सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में संस्था के ट्रस्टी और प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने उत्साह से भाग लिया। पारंपरिक नृत्य और संगीत के बीच मन डोले रे माघ फागुनवा... मुख मुरली बजाय छोटे से श्याम कन्हैया.... होली है होली है.... जैसे गीतों पर दर्शक भी घंटों झूमते रहे। संस्था के मीडिया प्रभारी डॉ दीनदयाल साहू के संगीत संयोजन में यह कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। गायन और वादन पक्ष में तिलक वर्मा, अनंत राम साहू, मानक साहू, जागृति सार्वा, डोली साहू, परमानंद यादव, रूही साहू सहयोगी लक्ष्मी साहू और उर्मिला साहू का योगदान रहा। नृत्य पक्ष में दिलेश्वरी साहू, कुंजलता साहू, गीतांजलि साहू और उनके सहयोगी कलाकारों का योगदान रहा। महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में वृंदावन की लठ्ठमार होली और फाग गीत पर उपस्थित सभी लोगो ने मस्ती करते हुए हंसी-ठिठोली की। कार्यक्रम में आश्रम के पदाधिकारियों में आत्मा राम साहू, पी डी साहू, रामाधार साहू, अंत राम साहू, विनोद साहू, फकीर साहू, गौकरण साहू, डॉ हीरालाल साहू, प्रेम लता साहू, राजकुमारी साहू तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



■ कबीर आश्रम नेहरू नगर भिलाई में मनाया गया होली मिलन

## कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम पर कार्यशाला

# शिक्षण पद्धतियों और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने हुई दो दिवसीय कार्यशाला



**भिलाई।** आईआईटी भिलाई में डिजाइन और उद्यमिता (सीबीडीई) पर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के लिए दो दिवसीय शिक्षाशास्त्र कार्यशाला का आयोजन किया गया। मध्य भारत क्षेत्र में इस कार्यशाला के आयोजन के लिए आईआईटी भिलाई का चयन किया गया था। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षण पद्धतियों को बढ़ाना और संकायों और औद्योगिक सलाहकारों के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देना था। आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रो राजीव प्रकाश ने कार्यशाला का समापन किया गया। सीबीडीई कार्यक्रम के कार्यक्रम निदेशक और आईआईआईटीडीएम कांचीपुरम में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुधीर वरदराजन ने आईआईटी भिलाई के समन्वयकों के साथ प्रमुख सत्रों का नेतृत्व किया। कार्यशाला की शुरुआत करते हुए प्रोफेसर राजीव प्रकाश, निदेशक आईआईटी भिलाई ने शिक्षाशास्त्र के महत्व, इंजीनियरिंग में नवाचार की भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके अलावा, नवाचार और उद्यमिता के लिए लोगो को प्रोत्साहित किया, उनके मार्गदर्शन में संकायों और सलाहकारों को राज्य और देश के विकास के लिए स्टार्टअप और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए सहयोग में काम करने के लिए कहा। कार्यशाला में डीन प्रो संतोष बिस्वास, डीन अकादमिक डॉ ध्रुव प्रताप सिंह, औद्योगिक विशेषज्ञ और संरक्षक सोमेश शर्मा और केजी मुलरालीधरन उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागी संस्थान, उद्यमशीलता की मानसिकता को बढ़ावा देने में संरचित शिक्षाशास्त्र के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर, एनआईटी राउरकेला, एनआईटी अगरतला, वीएनआईटी नागपुर और आईआईटी भिलाई के संकाय शामिल थे। इंटरैक्टिव कार्यशाला ने संकायों और उद्योग विशेषज्ञों के बीच जुड़ाव की सुविधा प्रदान की, जिससे डिजाइन-सोच उद्यमिता की उनकी समझ को बताया गया। इस कार्यक्रम ने नवीन शैक्षणिक प्रथाओं के माध्यम से शिक्षा और उद्योग को जोड़ने के महत्व पर जोर दिया।



## विज्ञान पर आधारित पोस्टर मेकिंग, वाद-विवाद और मॉडल स्पर्धाएं हुई आयोजित

# वैज्ञानिक प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने पेश किए नवाचार के मॉडल, फर्मेंटेड फूड फेयर मे दिखी क्रिएटीविटी

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** जीडी रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में विज्ञान विभाग द्वारा वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी के जरिए विज्ञान जगत में होने वाले नए इनोवेशन की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। कार्यक्रम में प्रोफेसरों ने दुनिया में हो रहे नवाचार के बारे में भी ऑडियो-वीडियो के जरिए बताया। कार्यक्रम में विज्ञान पर आधारित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, मॉडल और फर्मेंटेड फूड फेयर भी आयोजित किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निर्णायक डॉ. सत्यधर्म भारती और तुमन पटेल रहे। इसमें नवनीत कौर और महकप्रीत विजेता और विधि शर्मा और कसक सिंह रनर-अप रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय एआई जॉब क्रिएटर और जॉब डिस्ट्रायर था, जिसे डॉ. त्रिप्ती शर्मा और डॉ. साजिया इस्लाम ने जज किया।



### प्रतियोगिता विजेता हुए पुरस्कृत

इस प्रतियोगिता में यशवनी विजेता और दुर्गेश कौशिक उपविजेता रहे। यह कार्यक्रम इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल के साथ माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीडी रूंगटा कॉलेज की प्राचार्य डॉ. नीमा एस बालन एवं डायरेक्टर जनरल डॉ. मनीष मनोरिया थे। कार्यक्रम में ग्रुप डायरेक्टर डॉ वाई एम गुप्ता, डॉ. मनोज वर्गीस, उपकुलसचिव प्रकाश वहाने मौजूद रहे।

### विविध प्रतियोगिताओं में यह रहे विजेता

वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शनी के निर्णायक डॉ. मंजू सांघी और डॉ. मुकेश शर्मा थे। इसमें वेदिका मखवानी और उनकी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि हरीश कुमार और उनकी टीम रनर-अप रहे। वहीं फर्मेंटेड फूड फेयर प्रतियोगिता में डॉ. मुकेश शर्मा और आनंद कुंभारे ने निर्णायक की भूमिका निभाई, जिसमें वर्षा सोनबेर और उनकी टीम विजेता बनी और भूमिका गोस्वामी एवं उनकी टीम रनर-अप रहीं। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक नवाचार करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ. अमित श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। समन्वयक सोनाली गोडबोले, किरण तिवारी, आशा माणिकपुरी और टीका राम साहू रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राष्ट्रीय नेटबॉल के लिए चुने गए छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी



**रायपुर।** नेटबॉल राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 16 मार्च को सप्रे शाला रायपुर स्थित नेटबॉल ग्राउंड में आयोजित किया गया। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा के निर्देशन में ट्रायल के लिये नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा सिलेक्शन कमेटी भी घोषित की गई थी। जिसमें चेयरमैन के रूप में राजेश प्रताप सिंह (सरगुजा), संयोजक एसोसिएशन के महासचिव राजेश राठौर को बनाया गया था। जिले के सचिव अनूप यदु, धमतरी से पूनम निषाद एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सोनम शर्मा चयनकर्ता थे। नेटबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तरफ से आब्जर्वर प्रशांत जेकब की देखरेख में यह पूरा सिलेक्शन ट्रायल आयोजित हुआ। सिलेक्शन ट्रायल के दौरान पार्षद अम्बर अग्रवाल ने खिलाड़ियों से सौजन्य भेंट की। सभी चयनित खिलाड़ियों का कैंप लगाकर उन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जाएगा। जबकि सब जूनियर फास्ट फाइव की टीम 25 मार्च को एवं मिक्स नेटबॉल टीम 27 मार्च को हरियाणा के लिए रवाना होगी। सीरियल फर्स्ट फाइव की टीम 28 को चंडीगढ़ के लिए रवाना होगी।

### नेशनल रैंकिंग टेटे में राज्य से प्रेमराज और विनय बने निर्णायक



**रायपुर।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ एवं गुजरात स्टेट टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में बड़ोदा संघ द्वारा आयोजित द्वितीय पारा नेशनल रैंकिंग चैंपियनशिप एवं पैरा सीनियर नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप 17 से 19 मार्च तथा 21 से 23 मार्च तक आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक एवं भारतीय जीवन बीमा निगम, मण्डल कार्यालय, रायपुर के विनय बैसवाड़े को प्रतियोगिता का मुख्य निर्णायक तथा अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक एवं डाक विभाग भिलाई के प्रेमराज जाचक को उप मुख्य निर्णायक बनाया गया है। यह पहला मौका है जब भारतीय टेबल टेनिस महासंघ द्वारा किसी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक एवं उप मुख्य निर्णायक हेतु छत्तीसगढ़ से नामांकित किया गया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ से प्रतियोगिता में अंपायरिंग के लिए प्रवीण निरापुरे (रायपुर), नागेश्वर साहू (रायपुर) को चुना गया है। इसके पूर्व भी विनय बैसवाड़े एवं प्रेमराज जाचक ने कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश तथा विदेश में भाग ले चुके है। इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला एवं समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है। यह जानकारी छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी ने दी।

### सीएससीएस के खिलाड़ी एनसीए के अंडर-19 एलिट कैंप के लिए चयनित



**रायपुर।** नेशनल क्रिकेट एकेडमी के अंडर 19 कैंप हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के 5 खिलाडियों का चयन हुआ है। उक्त कैंप 02 अप्रैल से 28 अप्रैल तक विभिन्न जोनल क्रिकेट एकेडमी में आयोजित किया जायेगा।चयनित खिलाड़ियों में धनंजय नायक, राजकोट,विकल्प तिवारी, नाडियाड,रुद्र प्रताप देहारी, सूरत,विवेक यादव, गुवाहाटी अंकित कुमार सिंह, गुवाहाटी शामिल हैं। सभी चयनित खिलाड़ी बीसीसीआई के विशेषज्ञों के अधीन प्रशिक्षण प्राप्त करेगें, जिसमें तकनीकी तथा शारीरिक प्रशिक्षण भी सम्मिलित है।


### प्यूरीन की संतुलित मात्रा रखती है शरीर को सेहतमंद

# आपके भोजन में नहीं होनी चाहिए प्यूरीन की अधिकता, किडनी स्टोन का हो सकता है खतरा

प्यूरीन एक प्राकृतिक कंपाउंड है, जो डीएनए और आरएनए के निर्माण में मदद करता है। यह शरीर की कोशिकाओं में पाया जाता है और कई खाद्य पदार्थों में भी मौजूद होता है। हालांकि यदि आपके शरीर में प्यूरीन की अधिक मात्रा हो जाए, तो इसके कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम भी हो सकता है।

कई अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि अगर आपका खान-पान ठीक है तो ये गंभीर बीमारियों से बचाए रखने में आपके लिए मददगार हो सकता है। आप जिन चीजों का सेवन करते हैं, सेहत पर उसका सीधा असर होता है, यही कारण है कि सभी लोगों को पौष्टिक और स्वस्थ चीजें खाने की सलाह दी जाती है।

आहार विशेषज्ञ कहते हैं, स्वस्थ रहने के लिए क्या खाना चाहिए, इससे जरूरी ये जानना है कि आपको क्या नहीं खाना चाहिए? गठिया और किडनी से संबंधित बढ़ती समस्याओं को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को उन चीजों से दूरी बनाए रखने की सलाह देते हैं जिनमें प्यूरीन की अधिकता होती है। प्यूरीन क्या है और इसके क्या नुकसान हो सकते हैं, आइए इस बारे में विस्तार से समझते हैं।



### क्या होता है प्यूरीन?

प्यूरीन एक प्राकृतिक कंपाउंड है, जो डीएनए और आरएनए के निर्माण में मदद करता है। यह शरीर की कोशिकाओं में पाया जाता है और कई खाद्य पदार्थों में भी मौजूद होता है। जब हमारे शरीर में प्यूरीन का ब्रेक डाउन होता है तो इससे यूरिक एसिड बनता है, जिसे शरीर आमतौर पर मूत्र में बाहर निकाला देता है।

हालांकि यदि आप हाई प्यूरीन वाली चीजों का सेवन अधिक करने लगें और शरीर में प्यूरीन की अधिक मात्रा हो जाए, तो इसके कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम भी हो सकता है।

### प्यूरीन की अधिकता और इसके नुकसान



जब हमारे शरीर में प्यूरीन की अधिकता हो जाती है और किडनी इसे ठीक तरीके से बाहर नहीं निकाल पाती, तो यह शरीर में जमा होने लगता है, जिससे कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। प्यूरीन की अधिकता यूरिक एसिड को बढ़ाने लगती है और यूरिक एसिड बढ़ने से जोड़ों में क्रिस्टल बनने लगते हैं, जिससे सूजन, दर्द और अकड़न हो सकती है। यह आमतौर पर पैर के अंगूठे, टखनों और घुटनों को प्रभावित करता है। इसके अलावा यूरिक एसिड के क्रिस्टल किडनी में जमा होकर पथरी बना सकते हैं।

### खान-पान में करें बदलाव

कुछ खाद्य पदार्थों में प्यूरीन की मात्रा अधिक होती है, जिनका ज्यादा सेवन करने से यूरिक एसिड बढ़ सकता है। हाई प्यूरीन फूड्स जैसे मांस और मछली का सीमित मात्रा में ही सेवन करना चाहिए। राजमा, चना, सोयाबीन, मसूर, मटर जैसी दालों के भी अधिक सेवन से बचना चाहिए।कुछ प्रकार की सब्जियां जैसे पालक, मशरूम,



ब्रोकली, फूलगोभी का अधिक सेवन भी नुकसानदायक हो सकता है। शराब, कॉफी भी प्यूरीन और यूरिक एसिड के स्तर को बढ़ाने वाले हो सकते हैं।

### किन चीजों का सेवन करना चाहिए?

अच्छी सेहत के लिए लो प्यूरीन फूड्स का सेवन करना अच्छा विकल्प है। फल (सेब, केला, संतरा, पपीता), सब्जियां (खीरा, टमाटर, गाजर, लौकी), डेयरी उत्पाद, अंडे और नट्स में प्यूरीन की मात्रा बहुत कम होती है और इनके सेवन से आपको कई लाभ हो सकते हैं। हाई प्यूरीन फूड्स का सेवन कम करने के साथ खूब पानी पीना भी जरूरी है ताकि यूरिक एसिड बाहर निकल सके। हरी सब्जियां और फाइबर युक्त आहार आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हो सकते हैं। अगर आपको गठिया, किडनी स्टोन या यूरिक एसिड की समस्या है, तो डॉक्टर से परामर्श लेकर प्यूरीन युक्त भोजन का सेवन नियंत्रित करें।

# एलिट ग्रुप क्रिकेट में जारी हैं रोमांचक मुकाबले



शशांक चंद्राकर ने बनाए 171 रन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टूर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 09 मार्च से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमें भाग ले रही है। 17 से 20 मार्च श्रृंखला में दूसरे दिन मंगलवार को को चार मैच खेले गये।

**बीएसपी के विरुद्ध बिलासपुर ब्लू की 102 रनों की बढ़त**

ग्रुप ए का तीसरा चार दिवसीय मैच बिलासपुर ब्लू एवं बी.एस.पी. के मध्य राजनांदगांव में खेला गया। बिलासपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 112.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 263 रन बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से दीपक सिंह बघेल ने 72 रन तथा श्रेयम सुंदरम ने 54 रन बनाये। वहीं बी.एस.पी. की ओर से जीवेश कुमार भुटे ने 4 विकेट तथा कार्तिक नायडु ने 3 विकेट प्राप्त किये। बीएसपी ने अपनी पहली पारी में 54.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 170 रन बनाये। बी.एस.पी. की ओर देव आदित्य सिंह ने सर्वाधिक 78 रन तथा जीवेश भुटे ने 25 रन बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से श्रेयस सुंदरम ने 3 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक बिलासपुर ब्लू ने अपनी दूसरी पारी में 4 ओवरों में 1 विकेट खोकर 9 रन बना लिये है। दूसरे दिन की समाप्ति तक बिलासपुर ब्लू ने 102 रनों की बढत बना ली है।

### भिलाई के विरुद्ध जांजगीर चांपा पीछे

ग्रुप ए का चौथा चार दिवसीय मैच भिलाई एवं जांजगीर चांपा के मध्य सेक्टर-10 मैदान, भिलाई में खेला गया। भिलाई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 152.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 471 रन बनाये। भिलाई की ओर से साहिल रजत शरीफ ने सर्वाधिक 182 रन तथा हर्ष शर्मा ने 59 रन बनाये। वहीं जांजगीर चांपा की ओर से शाहबान खान तथा मुरली मोहन शर्मा ने 3-3 विकेट लिए। दूसरे दिन की समाप्ति तक जांजगीर चांपा ने अपनी पहली पारी 30 ओवरों में 1 विकेट के नुकसान पर 112 रन बना लिये हैं। जांजगीर चांपा की ओर से जानेन्द्र ने 67 रन नाबाद बनाये। दूसरे दिन की समाप्ति तक जांजगीर चांपा 359 रनों से पीछे है।

### सरगुजा के विरुद्ध महासमुंद आगे

ग्रुप बी का तीसरा चार दिवसीय मैच महासमुंद एवं सरगुजा के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। महासमुंद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 93.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 386 रन बनाये। महासमुंद की ओर से शशांक चंद्राकर ने सर्वाधिक 171 रन तथा मनीष शर्मा ने 107 रन बनाये। वहीं सरगुजा की ओर से आराध्य गुप्ता ने 4 विकेट प्राप्त किये। सरगुजा ने अपनी पहली पारी में 73.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 267 रन बनाये। सरगुजा की ओर से राहुल प्रधान ने 78 रनों की पारी खेली। महासमुंद की ओर से तुशार चंद्राकर ने 4 विकेट तथा सोहित तिवारी ने 3 विकेट प्राप्त किये। दुसरे दिन की समाप्ति तक महासमुंद ने अपनी दूसरी पारी में 5.5 ओवरों में 1 विकेट के नुकसान पर 19 रन बना लिये हैं। दूसरे दिन की समाप्ति तक महासमुंद ने 138 रनों की बढत बना ली है।

### प्लेट कंबाइंड के विरुद्ध बिलासपुर को 68 रन की जरूरत

ग्रुप बी का चौथा चार दिवसीय मैच प्लेट कंबाइंड एवं बिलासपुर के मध्य दल्लीराजहरा में खेला गया। बिलासपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। प्लेट कंबाइंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 40.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड की ओर से रोहन टांक ने सर्वाधिक 41 रन तथा हर्ष साहु ने 30 रन बनाये। वहीं बिलासपुर की ओर से धनंजय नायक तथा मोहित राउत ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर ने अपनी पहली पारी में 65.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 233 रन बनाये। बिलासपुर की ओर से मो इरफान ने 64 रनों की पारी खेली। उनके अतिरिक्त अभिजित ताह ने 33 रन बनाये।

# आलू चिप्स बनाने इंस्टेंट विधि,बनाने में आसान और मिलेगा भरपूर जायका



यदि आप आलू के चिप्स बनाना चाह रहे हैं तो यहां हम आपको इसकी आसान रेसिपी बताने जा रहे हैं।

इस चिप्स को तैयार करने में न तो आपको ज्यादा समय लगेगा और न ही आपके ज्यादा पैसे खर्च होंगे। तो चलिए आपको बताते हैं इंस्टेंट फलाहारी चिप्स बनाने का तरीका।

इंस्टेंट आलू के फलाहारी चिप्स बनाने का सामान

2 बड़े आलू,सेंधा नमक,काली मिर्च पाउडर,देसी घी या मूंगफली का तेल (तलने के लिए) रखें। आलू के टिप्स को बनाना काफी आसान है। इसे तैयार करने के लिए सबसे पहले आलू की स्लाइस तैयार करनी चाहिए। इसके लिए सबसे पहले आलुओं को अच्छे से धोकर छील लें। आलुओं को धोकर स्लाइसर की मदद से पतली-पतली चिप्स काट लें। अब इन कटे हुए आलू को ठंडे पानी में थोड़ी देर के लिए भिगोकर रखें। जब स्टार्च निकल जाए तो फिर इसे छलनी में डालकर पानी निकाल दें। इसे एक से दो बार अच्छी तरह से धो लें और कपड़े से सुखा लें। जब ये पूरी तरह से सूख जाएं तो एक कढ़ाही में मूंगफली का तेल या देसी घी गर्म करें। जब तेल मध्यम गर्म हो जाए, तो उसमें आलू की स्लाइस डालें। धीमी आंच पर हल्का सुनहरा और कुरकुरा होने तक तलें। तले हुए चिप्स को टिशू पेपर पर निकालें ताकि अतिरिक्त तेल निकल जाए। फिर आखिर में चिप्स पर सेंधा नमक और काली मिर्च छिड़कें और इसे अच्छे से मिला लें। अब इन्हें एयरटाइट डिब्बे में स्टोर करके कई दिनों तक खा सकते हैं

# घर में जरूर लगाएं औषधीय गुणों से भरपूर पौधे

हमारी प्रकृति रहस्यों से भरी है। आज तक मनुष्य ने जो कुछ भी हासिल किया है वो प्रकृति से सीख लेकर ही किया है। दुनिया में कई प्रकार के पौधे पाए जाते हैं, लेकिन क्या आप जानते है उनमे से कुछ ऐसे पौधे हैं, जिनको घरों में लगाने से घर में न सिर्फ सुख शांति बल्कि आप की सेहत भी स्वस्थ रहती है। आइए जानते हैं कुछ ऐसे पौधों के बारे में, जिन्हें घर में जरूर लगाना चाहिए.....



एलोवेरा एक प्राकृतिक औषधि से भरपूर पौधा है जो शरीर के लिए कई तरह से फायदेमंद है। हमारी त्वचा, बालों से लेकर पाचन तंत्र और इम्यून सिस्टम तक, एलोवेरा शरीर की कई परेशानियों को दूर करने में मददगार साबित हो सकता है। इसी के साथ एलोवेरा हवा को शुद्ध करने की क्षमता भी प्रदान करता है। यह पौधा रात के दौरान ऑक्सीजन छोड़ने और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करके का काम करता है।






कार्नर न्यूज

### योग आपको दे सकता है सुकून भरी नींद

# दिन भर का तनाव दूर करने सोने से पहले करें यह खास आसन, झट से आएगी नींद

तनाव को दूर करने और अच्छी नींद लाने में कई आयुर्वेदिक नुस्खे और आसन कारगर हैं। यहां हम आपको एक ऐसे आसन के बारे में बता रहे हैं, जिसे अगर आप सोने से पहले करेंगी, तो स्ट्रेस छूमंतर होगा और नींद अच्छी आएगी।

अच्छी नींद आना और तनाव से दूर रहना, सेहतमंद रहने के लिए बहुत जरूरी है। बेशक, हेल्दी रहने का मंत्रा सही खान-पान में छिपा है। लेकिन, अच्छी नींद, खुश रहना और तनाव से दूर रहना, ये कुछ ऐसी चीजें हैं, जो कहीं न कहीं हेल्दी डाइट से भी ज्यादा जरूरी हैं। अगर आप तनाव में हैं, आपका मन उदास है, नींद नहीं आ रही है, तो सही खान-पान के बावजूद आप थका हुआ महसूस करेंगे और इसका असर आपकी मेंटल और फिजिकल हेल्थ पर भी साफ नजर आएगा। कई योगासन अच्छी नींद लाने और स्ट्रेस को दूर भगाने में आपकी मदद कर सकते हैं। चंद्र नमस्कार इन्हीं में से एक है। सूर्य नमस्कार के फायदों के बारे में तो हम सभी जानते हैं। लेकिन, क्या आपको पता है कि अगर आप शाम के वक्त चंद्र नमस्कार करेंगी, तो कैसे यह आपकी मेंटल हेल्थ को फायदा पहुंचाएगा और अच्छी नींद लाने में मदद करेगा। इस बारे में योगा एक्सपर्ट नताशा कपूर जानकारी दे रही हैं। वह सर्टिफाइड योगा



टीचर हैं। शाम को चंद्र नमस्कार करने से दूर होगा तनाव और आएगी अच्छी नींद शाम के वक्त अगर आप चंद्र नमस्कार का अभ्यास करेंगी, तो इससे नींद अच्छी आएगी। यह आसन मन को शांत करता है और शरीर को ठंडक देता है। जिस तरह शरीर को एक्टिव रखने के लिए सुबह के वक्त सूर्य नमस्कार फायदेमंद होता है। उसी तरह, शाम के वक्त चंद्र नमस्कार करने से फायदा मिलता है। इससे डाइजेशन भी बेहतर होता है और अच्छी नींद लाने में मदद मिलती है। यह आसन स्ट्रेस और डिप्रेशन को कम करता है और मूड को सुधारने में मदद करता है। इससे शरीर की मांसपेशियां रिलैक्स होती हैं, थकान दूर होती है और शरीर डिटॉक्स होता है। यह आसन फर्टिलिटी सुधारने में भी मदद करता है।

### कैसे करें चंद्र नमस्कार का अभ्यास?

सूर्य नमस्कार की तरह चंद्र नमस्कार भी कई योगासनों का एक समूह है। इसे करने के लिए सबसे पहले आपको प्रणामानस की मुद्रा में खड़ा होना है। सांस लेते हुए हाथों को आगे की तरफ ऊपर लाना है। अब सांस छोड़ते हुए आपको आगे की तरफ झुकना है। हाथों को फर्श पर रखिए। अब घुटनों को मोड़ें और फर्श पर हाथों और घुटनों को सीधा रखें। इसदे बाद दाएं पैर को जितना कम्फर्टेबल हो, उतना पीछे करें। दाहिने घुटने को फर्श पर झुकाते हुए ऊपर की तरफ देखें। अब सांस रोकें और बाएं पैर को पीछे करें। दोनों घुटने सीधे रहेंगे और आपका शरीर एक सीधी रेखा में आ जाएगा। सांस छोड़ना है और इसे वापिस खींचना है। आपको अपने हिप्स को एड़ी तक ले जाना है। इसके बाद हाथों को सामने की तरफ मजबूती से रखना है। इसके बाद सांस लेते हुए कोबरा पोज करें। आपके हाथ कंधों के नीचे होंगे, कोहनी और एड़ी साथ आएगी। इसके बाद उल्टे वी जैसी शेप बनाएं। एड़ी को जमीन पर टिकाएं। आपको आसमान की तरफ देखना है। इसके बाद फिर से प्रणामासन करें।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# इस महीने कुछ ऐसी फिल्में जो रोमांचित करेगी आपको



कुछ अलग एक्शन, रोमांस और ड्रामा देखने की चाहत रखने वाले दर्शकों को इस महिने रिलीज होने वाली कुछ हॉलिवुड फिल्मों को जरूर ट्राई करना चाहिए। ब्लैक बैग एक थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें एक्शन और सस्पेंस का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा। ब्लैक बैग 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। ब्लैक बैग एक अमेरिकी जासूसी थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन स्टीवन सोडरबर्ग ने किया है। वहीं डेविड कोएप ने इस फिल्म को लिखा है। इस फिल्म में केट ब्लैंचेट, माइकल फैसबेंडर, मारिसा अबेला, टॉम बर्क, नाओमी हैरिस, रेगे-जीन पेज और पियर्स ब्रॉसनन ने मुख्य भूमिका निभाई है।

गेम ऑफ थ्रोन्स के लेखक जॉर्ज आर. आर. मार्टिन की कहानी पर आधारित फिल्म इन द लॉस्ट लैंड्स है, जो एक महाकाव्य फैंटेसी एडवेंचर होगी। इन द लॉस्ट लैंड्स का निर्देशन पॉल डब्ल्यूएस एंडरसन ने किया है , जिसकी कहानी कॉन्स्टेंटिन वर्नर ने लिखी है। माई मेलबर्न एक एंथोलॉजी फिल्म है, जो मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया में हुई सच्ची घटनाओं से प्रेरित हैं। फिल्म का निर्देशन भारतीय फिल्म निर्माताओं ओनिर, रीमा दास, इम्तियाज अली और कबीर खान ने किया है। बोंग जून-हो द्वारा निर्देशित यह साइंस-फिक्शन फिल्म एक बेहद दिलचस्प और रोमांचक कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में रॉबर्ट पैटिनसन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मिकी 17, 2025 की एक साइंस फिक्शन डार्क कॉमेडी फिल्म है, जिसका निर्माण, लेखन और निर्देशन बोंग जून-हो ने किया है, जो एडवर्ड एश्टन के2022 के उपन्यास मिकी 7 पर आधारित है।

### टॉलीवुड

# रिलीज से पहले ही 'कुली' पर बरसा पैसा ओटीटी पर 120 करोड़ में बिक्री की चर्चा



रजनीकांत की फिल्म 'कुली' रिलीज से पहले ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर मोटी रकम में बेची गई है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह रजनीकांत की किसी भी फिल्म की अब तक की सबसे बड़ी ओटीटी डील है।

सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'कुली' की चर्चा इन दिनों खूब हो रही है। यह इस साल बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। हाल ही में फिल्म के कुछ बीटीएस तस्वीरें सामने आई थी, जिसे देखने के बाद फैंस की उत्सुकता काफी ज्यादा बढ़ गई थी। वहीं, अब फिल्म की ओटीटी डील को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है।

को इमोई की एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेजन प्राइम वीडियो ने इस फिल्म के डिजिटल राइट्स को 120 करोड़ रुपये में खरीदा है। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रजनीकांत की किसी फिल्म की यह अब तक की सबसे बड़ी ओटीटी डील है। इससे पहले उनकी सुपरहिट फिल्म 'जेलर' के डिजिटल राइट्स भी अमेजन प्राइम ने 100 करोड़ रुपये में खरीदे थे। लोकेश कनगराज के निर्देशन में बन रही 'कुली' धमाकेदार एक्शन से भरपूर होने की उम्मीदें हैं। फिल्म की कहानी को अभी पूरी तरह से गोपनीय रखा गया है, लेकिन माना जा रहा है कि इसमें रजनीकांत का किरदार थोड़ा नकारात्मक रंग के साथ नजर आ सकता है।

रजनीकांत के अलावा फिल्म में नागार्जुन अक्किनेनी और उपेंद्र राव जैसे बड़े सितारे अहम किरदारों में दिखेंगे। श्रुति हासन, सौबिन शाहिर और सत्यराज भी फिल्म महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाएंगे। खास बात यह है कि पूजा हेगड़े एक स्पेशल डांस नंबर में नजर आएंगी। कुछ समय पहले खबरें थीं कि 'कुली' की रिलीज डेट ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म 'वॉर 2' से टकरा सकती है। हालांकि, ताजा जानकारी के मुताबिक ऐसा नहीं होगा।

### भोजपुरी

# खेसारी के नए गाने 'चांदी के कटोरे' ने 2 दिन में मचाई तबाही, 20 लाख से ज्यादा व्यूज



भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की कोई फिल्म या गाना रिलीज हो और वो वायरल ना हो, ऐसा भला कहां हो सकता है! जी हां। इस बार खेसारी 'चांदी के कटोरे' लेकर आए और दो दिन में ही इस गाने को 20 लाख से ज्यादा लोगों ने देख लिया है। वो भी सिर्फ दो ही दिन में। ये गाना म्यूजिक कैटेगरी में 9वें नंबर पर ट्रेंड भी कर रहा है। गाने में खेसारी लाल यादव ने अपनी आवाज दी है और उनके साथ शिल्पी राज ने भी गाना गाया है। इस शानदार गाने के बोल कृष्णा बेदर्दी ने लिखे हैं। म्यूजिक डायरेक्टर आर्या शर्मा हैं। खेसारी इस गाने में एक ऑफिस में काम करते दिख रहे हैं। तभी उनकी बॉस की एंट्री होती है, जिनकी नई-नई शादी हुई है। मांग में सिंदूर और मंगलसूत्र पहने बॉस को देख खेसारी का दिल धक-धक करने लगता है। ऑफिस के फ्लोर से लेकर केबिन तक में खूब रोमांस होता है। 15 मार्च को होली के बाद रिलीज हुए इस गाने को 2,303,703 व्यूज मिल चुके हैं। यानी गाना वायरल है। खेसारी की इंस्टाग्राम पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उन्हें 5.8 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। उनका एक और गाना रिलीज होने वाला है, जिसमें आकांक्षा पुरी भी नजर आएंगी। ये 'रिश्ते' फिल्म का गाना है, जिसका टाइटल 'सरसो के तेलवा' है।

## लाइफ स्टाइल



कोपेनहेगन का प्यार

> कोपेनहेगन फैशन वीक में रोटेट के स्प्रिंग/समर 2025 शो को बाकी सीज़न के प्रेरणा माना जा रहा है। ये कलेक्शन 1920 के दशक के आर्ट डेको युग को याद दिला रहे थे। सह-क्रिएटिव डायरेक्टर जेनेट मैडसेन का कहना है ''हम गर्मियों का बेहतरीन मूड बनाना चाहते थे: मौसम की गर्माहट, हल्कापन, आज़ादी और रोमांस बस यही देना चाहते थे।

# पसीने की वजह से नहीं हो पा रहा है वैक्स, तो ये टिप्स आएंगी आपके काम

गर्मी के दिनों में पसीना आने की वजह से अधिकतर लड़कियां वैक्स नहीं कर पाती है और ऐसे में उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आपके साथ भी वैक्स करते समय यही परेशानी होती हैं, तो अब आप एक्सपर्ट के बताएं इन उपाय को कर आसानी से वैक्स करवा सकती हैं।

गर्मी के दिनों में पसीना आने की वजह से वैक्स ठीक से नहीं हो पता है और इससे लड़कियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आपके साथ भी वैक्स के समय यही परेशानी होती हैं, तो अब आपको फिक्र करने की जरूरत नहीं हैं। आप एक्सपर्ट के बताएं इन उपाय को कर आसानी से वैक्स करवा सकती हैं। आइए जानते हैं उन टिप्स के बारे में।

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा ने बताया कि लड़कियां शरीर पर मौजूद छोटे बाल को क्लीन करने के लिए वैक्स का इस्तेमाल करती हैं और इस दौरान शरीर से आने वाला पसीना उनके वैक्स को खराब कर सकता है। ऐसा होने से अधिकतर लड़कियों को वैक्सिंग करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है, इस समस्या से राहत पाने के लिए आप जब भी वैक्स करें सबसे पहले ऐसा एरिया चुने जो ठंडा हो। इसके अलावा वैक्स के पहले आप अपने हाथ पैर को अच्छी तरह से साफ कर सूखा लें, फिर अपनी स्किन पर पाउडर लगाएं उसके बाद ही वैक्स करें।

ध्यान रहे जब भी आप वैक्स करवाने के लिए जाएं, तो अपने हाथ और पैर पर मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल ना करें। क्योंकि मॉइश्चराइजर की



वजह से वैक्स करने में परेशानी हो सकती हैं। अगर आपको ज्यादा परेशानी हो रही हैं, तो आप अपने पैर को सुखाने के लिए हेयर ड्रायर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आप अपनी पसीने को सुखाकर आसानी से वैक्स कर सकती हैं। जब भी आप वैक्स करवाए, तब कोशिश करें एक बार में ही पुरे हाथ पर वैक्स को ना लगाएं इससे जल्दी पसीना आ सकता है और वैक्सिंग में परेशानी हो सकती हैं। अगर आप वैक्स स्ट्रिप्स को दो बार इस्तेमाल कर रही हैं, तो ऐसा करने से भी आपका वैक्स ठीक से नहीं होता। अगर लगातार पसीना आ रहा है, तो आप उसे पोंछते रहे और उसके बाद वैक्स करें।

# रमजान में लड़कों के लिए डिजाइनर कुर्ता के आइडियाज, सेलेब्स जैसे दिखेंगे आप



यदि आप रमजान में अपने पसंदीदा सिलेब की तरह दिखना चाहते हैं तो उन्हीं की तरह कुर्ता-पायजामा कैरी करके अपना स्टाइलिश अंदाज दिखाएं। रमजान दुनियाभर में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। रमजान के रोजे पूरे एक महीना चलते हैं और इसके बाद ईद उल फितर मनाई जाती है। इस दिन खासतौर पर मीठे पकवान, जैसे सेवइयां, शीर खुरमा बनाए जाते हैं। ऐसे माहौल में डिजाइनर कुर्तों के ये आइडियाज आपके लिए परफेक्ट रहेंगे। सेलेब्रिटी लुक से इंस्पायर होकर आप अपने लुक को और भी खास बना सकते हैं।



### क्लासिक व्हाइट कुर्ता

यदि आपको नवाबी अंदाज पसंद है, यानी कि आप सिंपल लेकिन क्लासी दिखना चाहते हैं तो सफेद रंग के प्लेन कुर्ते से बेहतर कुछ हो ही नहीं सकता। यदि व्हाइट कुर्ते के साथ कुछ अलग करना है तो इसे नेहरू जैकेट या कढ़ाईदार शॉल के साथ पेयर करें। सफेद कुर्ते में शाहरुख खान और सलमान खान का लुक बेहद पसंद किया जाता है। कई टीवी सेलेब्स भी इसे काफी अच्छे से कैरी करते हैं।

### कढ़ाईदार कुर्ता

यदि आपको शाही लुक कैरी करना है तो गले और बाजू पर हल्की कढ़ाई वाला कुर्ता पहनें। रॉयल ब्लू, मैरून, या गोल्डन शेड्स इस लुक को और खास बना सकते हैं। रणवीर सिंह और कार्तिक आर्यन इस तरह के कुर्तों में कई बार नजर आ चुके हैं। ऐसे कुर्ते के साथ पायजामा कंट्रास्ट में ही पहनें। तभी आपका लुक अच्छा दिखेगा।

### पेस्टल कलर कुर्ता

यदि आप ट्रेंडिंग लुक कैरी करना चाहते तो पहले समझ लें कि आज कल पेस्टल कलर्स का क्रेज है। मिंट ग्रीन, बेबी पिंक, स्काई ब्लू या लेमन येलो जैसे हल्के रंग आपको एक फ्रेश और मॉडर्न लुक देंगे। विक्की कौशल, सिद्धार्थ मल्होत्रा और वरुण धवन जैसे सेलेब्स अक्सर ऐसे कुर्तों को स्टाइलिश तरीके से कैरी करते हैं। पेस्टल रंग हर स्किन टोन पर कमाल के लगते हैं। अगर आप कुछ दमदार लुक कैरी करना चाहते हैं तो ब्लैक या डार्क कलर के पठानी कुर्ते के साथ सफेद सलवार या पायजामा पहन सकते हैं।

# डैंड्रफ की समस्या को कम कर सकते हैं ये फ्लोरल हेयर मास्क

अगर आप डैंड्रफ के कारण परेशान रहती हैं तो ऐसे में कुछ फूलों की मदद से फ्लोरल हेयर मास्क लगाकर उसे इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे यकीनन आपको काफी फायदा मिलेगा।

फ्लोरल हेयर मास्क स्कैल्प को आराम देने से लेकर डैंड्रफ से लड़ने में मददगार है। यह पूरी तरह से नेचुरल और केमिकल फ्री होते हैं और साथ ही साथ आपके बालों पर जेंटल भी होते हैं। इतना ही नहीं, इन्हें इस्तेमाल करना भी काफी आसान है। स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको बता रही हैं कि डैंड्रफ की समस्या को मैनेज करने के लिए किस तरह फ्लोरल हेयर मास्क को बनाएं-

### हिबिस्कस और दही से बनाएं एंटी-डैंड्रफ मास्क

अगर आपको डैंड्रफ की शिकायत है तो आप हिबिस्कस की मदद से मास्क बनाएं। इसमें एंटी-फंगल गुण होते हैं जो डैंड्रफ को कम करने में सहायक है। साथ ही साथ, यह बालों को बेहद मुलायम बनाता है। वहीं दूसरी ओर दही जलन को शांत करती है। सबसे पहले हिबिस्कस के फूलों को पीसकर चिकना पेस्ट



बना लें। अब इसे दही और शहद के साथ मिक्स करें। तैयार मास्क को अपने स्कैल्प और बालों पर लगाएं। इसे 30-40 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर माइल्ड शैम्पू से धो लें।

### मैरीगोल्ड और नीम से बनाएं एंटी-डैंड्रफ मास्क

जब बात डैंड्रफ की हो तो ऐसे में मैरीगोल्ड और नीम से बेहतर कॉम्बिनेशन शायद ही कोई हो। इन दोनों में ही एंटी-फंगल गुण होते हैं, जो डैंड्रफ को दूर करने में सहायक है। इससे डैंड्रफ की वजह से होने वाली खुजली को दूर करने में भी मदद मिलती है। सबसे पहले मैरीगोल्ड और नीम की पत्तियों को मिलाकर बारीक पेस्ट बना लें। अब इसे दही या गुलाब जल के साथ मिक्स करें।

# रूखी स्किन के लिए एवोकाडो और एलोवेरा जेल के इस मास्क का करें इस्तेमाल

अगर आपकी रूखी स्किन डल और बेजान महसूस होती है तो ऐसे में आप एवोकाडो और एलोवेरा जेल की मदद से मास्क बना सकती हैं। जहां एवोकडो में मौजूद हेल्दी फैट्स आपकी स्किन को पोषण देते हैं, वहीं एलोवेरा जेल से नमी के साथ-साथ कूलिंग इफेक्ट भी मिलता है। आप चाहें तो अपनी स्किन की जरूरतों को समझते हुए उसमें कुछ अन्य इंग्रीडिएंट्स को भी शामिल कर सकते हैं। चूंकि यह मास्क पूरी तरह से नेचुरल है, इसलिए आपको किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है। तो चलिए आज इस लेख में आरवीएमयूए एकेडमी की फाउंडर, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट और स्किन केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट आपको एलोवेरा जेल और एवोकाडो की मदद से फेस मास्क बनाने के तरीके के बारे में बता रही हैं-

### रूखी स्किन के लिए एलोवेरा जेल के फायदे

एलोवेरा जेल रूखी स्किन को गहराई से हाइड्रेट करता है, लेकिन उसे चिपचिपा नहीं बनाता है। रूखी स्किन अगर फ्लेकी या इरिटेटिड महसूस होती है तो



ऐसे में एलोवेरा जेल से रूखेपन और जलन को शांत करने में मदद मिलेगी। एलोवेरा में विटामिन ए, सी और ई भरपूर मात्रा में होते हैं, जो अत्यधिक रूखेपन के कारण होने वाली छोटी-छोटी दरारों या खुरदुरे पैच को ठीक करने में मददगार है। एलोवेरा जेल स्किन के नेचुरल बैरियर की तरह काम करता है, जिससे आपकी स्किन की नमी लंबे समय तक बनी रहती है।

सबसे पहले आधा पका हुआ एवोकाडो लें और इसे कांटे से अच्छी तरह मसल लें जब तक कि यह चिकना न हो जाए।

## कार्नर न्यूज

## 'टैटू' को लेकर कई धारणाएं समाज में मौजूद, इन्हें जरूर जानें

# 'टैटू' आज परंपरा नहीं, बल्कि फैशन हो चुका, इससे जुड़े मिथक भी जानिए, जिन पर लोग कर लेते हैं यकीन

टैटू यानि परंपरागत रूप से शरीर पर बनाए जाने वाला गोदना। इससे जुड़े कई मिथक हैं, जिन पर लोग बिना सोचे-समझे यकीन कर लेते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि टैटू बनवाना एक सुरक्षित प्रक्रिया है, जब तक कि इसे किसी अनुभवी और प्रोफेशनल टैटू आर्टिस्ट से सही तरीके से कराया जाए। यदि आप भी टैटू बनवाने की सोच रहे हैं, तो इन अफवाहों से बचें और सही जानकारी लेकर ही फैसला लें।

आजकल टैटू बनवाना एक ट्रेंड बन चुका है। युवा ही नहीं, बड़े भी इसे स्टाइल स्टेटमेंट मानते हैं। लेकिन टैटू को लेकर कई तरह की गलतफहमियां और मिथक समाज में फैले हुए हैं, जिन पर लोग आसानी से विश्वास कर लेते हैं। कुछ लोगों का मानना है कि टैटू से स्किन प्रॉब्लम्स होती हैं, तो कुछ इसे सेहत के लिए हानिकारक मानते हैं। हालांकि, इनमें से कई बातें सिर्फ अफवाहें हैं। इस आर्टिकल में हम आपको टैटू से जुड़े 5 बड़े मिथकों के बारे में बताएंगे और उनकी सच्चाई से अवगत कराएंगे।

### टैटू बनवाने से सेहत पर बुरा असर पड़ता है




यह सबसे आम मिथक है कि टैटू बनवाने से शरीर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है या यह सेहत को नुकसान पहुंचाता है।

सच्चाई:टैटू बनवाने से सेहत पर कोई स्थायी बुरा प्रभाव नहीं पड़ता, बशर्ते कि इसे किसी प्रोफेशनल टैटू आर्टिस्ट से साफ-सुथरे माहौल में बनवाया जाए। हां, अगर स्वच्छता का ध्यान न रखा जाए, तो स्किन इंफेक्शन होने का खतरा जरूर रहता है। इसलिए, टैटू बनवाने से पहले सही स्टूडियो और अनुभवी कलाकार का चयन करना जरूरी है।

### टैटू बहुत ज्यादा दर्दनाक होता है

कई लोग यह मानते हैं कि टैटू बनवाने के दौरान असहनीय दर्द होता है, इसलिए वे इसे बनवाने से डरते हैं। सच्चाई:टैटू बनवाने में हल्का दर्द जरूर होता है, लेकिन यह सहने योग्य होता है। दर्द की तीव्रता इस पर निर्भर करती है कि टैटू शरीर के किस हिस्से पर बनवाया जा रहा है। जैसे कि हड्डी के पास ज्यादा



दर्द हो सकता है, जबकि मांसल हिस्सों में कम दर्द महसूस होता है।

### टैटू बनवाने के बाद एमआरआई स्कैन नहीं कराया जा सकता

कुछ लोगों का मानना है कि अगर आपने टैटू बनवा लिया है, तो आपको भविष्य में MRI स्कैन कराने में परेशानी हो सकती है।

सच्चाई: एमआरआई स्कैन करवाने में टैटू से कोई बड़ी समस्या नहीं होती। हां, पुराने जमाने में टैटू इंक में लोहे के तत्व होते थे, जिससे स्कैन के दौरान हल्की जलन महसूस हो सकती थी, लेकिन आजकल इस्तेमाल होने वाली स्याही सुरक्षित होती है और इसका एमआरआई स्कैन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

### टैटू जीवनभर वैसा ही रहता है

बहुत से लोग यह सोचते हैं कि टैटू हमेशा के लिए वैसा ही रहेगा और उसमें कोई बदलाव नहीं होगा।